e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 211
शनिवार
03.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब आप किसी काम की शुरुआत करें, तो असफलता से मत डरें और उस काम को न छोड़ें। जो लोग ईमानदारी से काम करते हैं, वो सबसे प्रसन्न होते हैं।



संक्षिप्त खबरें

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थित मेडॉल जांच घर पानी में डूबा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जल जमाव से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां मेडॉल जांच घर के पास बारिश का पानी जमा होने के कारण लैब में तैनात कर्मियों और मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।मेदिनिराय मेडिकल कॉल में असुविधा के अभाव में मरीजों की परेशानी की बात बराबर सामने आती है।एक दिन की बारिश में अस्पताल का मेडॉल जांच घर पानी में डूब गया है। यदि कोई मरीज को अस्पताल परिसर में जांच कराना हो तो मेडॉल जांच घर के पास जमा पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

# फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने चलाया सर्च अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के खुरा के इलाके में पुलिस एवं सोना लुटेरों के बीच हुई फायरिंग की घटना के बाद बड़ा सर्च अभियान शुरु किया गया है। इस सर्च अभियान में पलामू और गुमला की पुलिस शामिल है। पुलिस को फायरिंग के बाद घटनास्थल से खून के धब्बे और खोखा मिले हैं। पलामू पुलिस ने बिहार के सीमावर्ती इलाका समेत गढ़वा और लातेहार की सीमा को सील कर दिया है। घटनास्थल से खून के धब्बा मिलने के बाद पुलिस को आशंका है कि कुख्यात लुटेरा सह शूटर मोनू सोनी को गोली लगी है। 30 जुलाई को गुमला में सोना की एक बड़ी लूट की घटना होने से बची थी। घटना के बाद गुमला पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान शुरू किया था। अनुसंधान में यह बात निकाल कर सामने आया था कि लूटकांड के तार कुख्यात अपराधी मोनू सोनी के साथ जुड़ा है। मोनू सोनी की तलाश में गुमला पुलिस पलामू पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। इसी सर्च अभियान में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया था. तीनों संदिग्ध ने पुलिस को बताया कि मोनू चैनपुर के इलाके में है। इसी सूचना के आलोक में पलामू और गुमला पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। इसी सर्च अभियान में खुरा और रबदा के बीच में मोनू सोनी की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई थी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की है। इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम में मुठभेड़ की घटना हुई है। सीमावर्ती इलाके को सील किया गया है और सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# हुसैनाबाद में स्टेडियम निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह के अथक प्रयास से हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। स्टेडियम का निर्माण 2.26 करोड़ रुपए से कराया जाएगा। इसकी स्वीकृति पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड सरकार ने दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं व खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने बड़ा स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। स्टेडियम के बनने से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा। एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति पर टीम सूर्या की ओर से विधायक कमलेश कुमार सिंह जी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में स्टेडियम निर्माण कार्य के अलावा युवाओं को सभी जगह तरजीह देने का काम हुआ है। सूर्या सिंह ने कहा कि कुछ माह पहले इस स्टेडियम का प्रक्लन सिर्फ 67 लाख का बना था। बाद में इसे बढ़ा कर 2.26 करोड़ कराने में थोड़ा समय लगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं को रोजगार की व्यवस्था की जायेगी। इसमें वह लगे हुए हैं। जल्द ही परिणाम सामने आने की संभावना है। स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलने से खिलाड़ियों में भी काफी उत्साह है।

## पंडवा में नए लेखापाल कमलेश शुक्ला ने दिया योगदान



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू के तहत पंडवा के मध्य विद्यालय पंडवा में स्थित बीआरसी में लेखापाल कमलेश शुक्ला ने शुक्रवार को अपना योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि गत 15 जुलाई को पलामू के उपायुक्त-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी समिति, समग्र शिक्षा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के निर्णयानुसार पंडवा के लेखापाल सह कम्प्यूटर ऑपरेटर जय प्रकाश ठाकुर का स्थानांतरण बीआरसी सतबरवा किया गया। वहीं, पाटन के लेखापाल सह कम्प्यूटर ऑपरेटर कमलेश शुक्ला का ट्रांसफर बीआरसी पंडवा में किया गया। श्री शुक्ला का बीआरसी पंडवा में योगदान देने के बाद स्थानीय शिक्षक और अन्य शिक्षा कर्मियों ने उन्हें बधाई दी और उनके साथ मिलकर शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की आशा जताई। उन्हें उम्मीद है कि श्री शुक्ला के नेतृत्व में पंडवा के शिक्षा क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। श्री शुक्ला के योगदान से स्थानीय शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद है। कमलेश शुक्ला की अनुभव और कुशलता से पड़वा में शिक्षा का समग्र विकास होगा।

# सब इंस्पेक्टर ने ढूंढ निकाला झरने में डूबे छात्र का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बीते बृहस्पतिवार को नगर भवनाथपुर मार्ग पर स्थित भवनाथपुर प्रखंड के नैना झरना में मृत छात्र की लाश नगर उंटारी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुंदर सोरेन ने अपनी दिलेरी दिखाकर झरने में कूद शव को ढूढ निकाला। बताते चले कि बृहस्पतिवार को नगर भवनाथपुर मार्ग पर स्थित नैना झरना में एक स्कूली छात्र की डूबने से मौत हो गई थी और जब इसकी सूचना पुलिस को हुई तो सबसे पहले नगर उंटारी थाना पुलिस घटनास्थल पर उपस्थित होकर मामले की जानकारी लिया। जिसमें ज्ञात हुआ कि एक छात्र नहाने के क्रम में लापता है। जिसको खोजने के लिए कुछ आम गोताखोर भी लगे हुए हैं। फिर भी लापता छात्र की कोई खोज खबर नही मिल रही है। वही नगर उंटारी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुंदर सोरेन को इस घटना की जानकारी होती है और वह और भी जवानों के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचते हैं, जहां उन्होंने देखा कि लापता छात्र को खोजने निकले स्थानीय गोताखोर के हाथ निराशा ही लौटती है। यह देखकर सब इंस्पेक्टर सुंदर सोरेन ने वर्दी उतार कर झरने के अंदर जाने का फैसला लिया और अपने दम पर काफी समय की मेहनत के उपरांत मृतक की लाश खोजने में सफल रहे लाश को बाहर निकाला। स्थानीय लोगो ने बताया कि शव को खोजने में स्थानीय गोताखोर असफल दिख रहे थे, वही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को बुलाने में समय ज्यादा लगता इसीलिए पु0अ0नि0 सोरेन ने जान की परवाह ना करते हुए अपनी वर्दी उतार कर गहरे पानी में जा कर शव को खोजने प्रारंभ किया और कुछ ही देर के बाद उक्त शरीर को बरामद कर लिया गया। नगर उंटारी थाने में तैनात सुंदर सोरेन ने वाकई में दिलेरी वाला काम किया है, जिसकी चर्चा हो रही है। सुंदर सोरेन एक बहादुर सब इंस्पेक्टर के रूप में गिने जाएंगे। घटनास्थल पर मौजूद लोगो ने बताया कि लापता छात्र का परिवार बहुत ही चिंतित था। मृतक के चचेरे भाइयों ने गहरे पानी में उतर कर लापता छात्र की तलाश की लेकिन उनके हाथ भी निराशा लगी। स्थानीय लोगों ने भी सोरेन के इस कार्य की सराहना किया।

# सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय बना है भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों का अड्डा : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदर अंचल कमेटी के चियांकी शाखा के द्वारा सदर अंचल कार्यालय के प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर तालाबंदी किया एवं अंचल के कार्यों को 3 घंटा तक ठप किया। इससे पहले बैरिया चौक से नारबाजी करते हुए भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ तेरी मनमानी नहीं चलेगी नारा लगाते हुए प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहां की सदर अंचल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा है एन एच 75 में प्रभावित दलित आदिवासियों के जमीन का मुआवजा दलाल एवं दूसरे लोग लेने में लगे हुए हैं और अंचल कार्यालय मूकदर्शक बनकर उनका सहयोग कर रही है जनप्रतिनिधि भाजपा के विधायक और सांसद को आम जनता के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं रह गया है रघुवर सरकार की तरह ही हेमंत सरकार का भी भ्रष्ट पदाधिकारी एवं अफसर पर लगाम ढीला पड़ गया है जिसे टाइट करने की जरूरत है। अंचल के पदाधिकारी बैठे-बैठे कागज पर ही काम कर ले रहे हैं स्थल पर जाने की इन्हें फुर्सत नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी पर लगाम लगाना अच्छी तरह से जानती है। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरों ने कहा कि प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय बिचौलियों का अड्डा बन गया है बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा है ऐसी स्थिति में पदाधिकारी सुधर जाए। मौके पर अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइंया ने कहा कि दलित गरीब आदिवासियों का ब्लॉक और अंचल का चक्कर लगाते लगाते चप्पल टूट जा रहा है लेकिन उनका कोई काम नहीं हो रहा है।

## चेक डैम में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़वा खाड़ निवासी गिरजा भुइया के पुत्र उमेश भुइयां उम्र 18 वर्ष की गुरुवार की शाम न्यू निर्माण चेकडेम में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम गांव के दो बच्चे तालाब में डूब गए थे। उसी को बचाने के क्रम में उमेश भुइयां की चेकडैम में डूबने से मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह और पाटन प्रखंड के नौडीहाट पंचायत के मुखिया रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं।इस संबंध में पाटन के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने बताया कि इस चेक डैम का निर्माण 2023 में हुआ है। लोगो के घर से सटे हुवे इस चेकडैम का निर्माण कराया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को घर से निकलना दुभर हो रहा है। उन्होंने बताया कि चेक डैम में करीब 12 फीट गहरा पानी है। वहां पर सरकारी स्कूल भी है जिसमें कि बच्चे पढ़ने जाते है। कभी भी बच्चों को डूबने की संभावना है। पानी के कारण अभी वहां का स्कूल बंद है। जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई करने में भी काफी परेशानियां हो रही है।

# चार अगस्त को बी मोड पर होगी कांग्रेस की प्रखंड स्तरीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** जिले के विश्रामपुर विधानसभा से कांग्रेस ने ताल ठोंक दिया है। इसे लेकर विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत विश्रामपुर. पांडू. नावाबाजार. ऊंटारी प्रखंड के समस्त कांग्रेसी नेता का हुजूम बीमोड रिलांयस मार्ट बिल्डिंग के ऊपर 12 बजे दिन से लगेगा।इसकी जान कारी देते हुए विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी सह~ विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला ने बताया, यह कार्यक्रम झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रखा गया है, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला ने बताया कांग्रेस विश्रामपुर की जनता की पहली पसंद की पार्टी है पिछ्ले चुनाव में पार्टी ने चन्द्रशेखर दूबे उर्फ ददई दूबे को टिकट दिया था जो परिवार के बड़े पुत्र अजय दूबे की मौत से पार्टी काफी बिचलित हो गई थी, जिससे सीट नहीं निकल पाया श्री शुक्ला ने आगे बताया कार्यकर्ताओं को एक साथ पुनः चुनाव में जनता के बीच जाने के लिए प्रेरणा दिया जा रहा है ताकि विश्रामपुर विधानसभा में कांग्रेस का प्रत्याशी जीत सके यहाँ बताते चले कि कांग्रेस ने जब से विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला को बनाया है तब से निरंतर कांग्रेस का जनाधार विश्रामपुर में बढता जा रहा है।लोगो के दिलो पर राज कर रहे हर सुख दुख में सहयोग कर रहे गुड्डू शुक्ला पार्टी के प्रती एक वफादार सिपाही साबित हो रहे हैं जिलाध्यक्ष ने इसके लिए हमेशा पीठ थप थपा कर बधाई देते रहे हैं।

# एके सिंह कॉलेज जपला में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव सम्पन्न

डॉ. आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि हुए निर्वाचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एके सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में शिक्षक प्रतिनिधि का निर्वाचन संपन्न हुआ। शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। प्रोफेसर मुकेश कुमार और डॉक्टर आनंद कुमार। प्रोफेसर मुकेश कुमार को 13 मत और डॉक्टर आनंद कुमार को 14 मत मिले। डॉ0 आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। इस चुनाव में निर्वाचन पदाधिकारी प्रो0 रेखा कुमारी सिंह, पीठासीन पदाधिकारी प्रो0 सुधीर कुमार सिंह और मतगणना पदाधिकारी लेखापाल ओम प्रकाश सिंह थे। डॉ आनंद कुमार की जीत प्राचार्य सूर्य मणि को सिंह ने बधाई दी। बधाई देने वाले में प्रो सौरभ सिंह, प्रो रवींद्र सिंह,प्रो0 मुकेश कुमार, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, प्रो रवि कुमार, प्रो डा सतेंद्र कुमार चंदेल, अभिषेक कुमार, प्रो चंदन सिंह इत्यादि। का नाम प्रमुख है।

## वज्रपात से एक की मौत, गांव में छाया मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत घघरी गांव निवास 62 वर्षीय कोदू चंद्रवंशी की दिन शुक्रवार के पौने तीन बजे आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। कोदू चन्द्रवंशी की मौत से गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही आसपास के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने सांत्वना देने मृतक के घर पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदू चन्द्रवंशी अपने मवेशियों को घघरी शमशान घाट के नजदीक मवेशियों को चरा रहे थे। की उसी दरमियान अचानक वज्रपात से कोदू चंद्रवंशी की मौत हो गई। घटना करीब पौने तीन बजे की बताई जा रही है। मृतक अपने पत्नी सहित दो पुत्र को छोड़ गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ सत्यम कुमार, व प्रखंड प्रमुख अजय साव, घघरी मुखिया सरोज देवी नें मृतक के परिजनों से मिलकर इस दुःख के घड़ी में परिजनों को सांत्वना दिया। इस दौरान बीडीओ सत्यम कुमार नें परिजनों को आसश्वास्त करते हुए कहा की सरकार की ओर से मिलने वाली सारी सुविधा मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया जाएगा। जबकि धुरकी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर जानकारी इकट्ठा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(गव्य विकास निदेशालय), झारखण्ड, राँची

-आवश्यक सूचना-

e-procurement system, Government of Jharkhand के Portal पर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत मिल्कींग मशीन (Tender ID- 2024_DAIRY_88154_1), पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट (Tender ID- 2024_DAIRY_88156_1), कॉउ मैट (Tender ID- 2024_DAIRY_88115_1), हस्त चालित (Tender ID- 2024_DAIRY_88150_1) तथा विद्युत चालित चैफ कटर (Tender ID- 2024_DAIRY_88152_1) के आपूर्ति हेतु दिनांक 12.07.2024 को प्रकाशित निविदाओं में भाग लेने की अंतिम तिथि 01.08.2024 के अपराह्न 12:30 बजे की अवधि को विस्तारित करते हुए दिनांक 12.08.2024 के अपराह्न 12:30 बजे तथा Technical Bid खोलने की निर्धारित तिथि 02.08.2024 के अपराह्न 01:00 बजे की अवधि को विस्तारित करते हुए दिनांक 13.08.2024 के अपराह्न 03:00 बजे निर्धारित किया जाता है।

पूर्व में प्रकाशित सूचना P.R No.-329137 Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (24-25)# D को इस हद तक संशोधित समक्षा जाए।

ह०/–
निदेशक, गव्य
गव्य विकास निदेशालय,
झारखण्ड, राँची

PR 331550 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

# विद्यालय में प्रबंधन समिति का गठन, अध्यक्ष बनाए गए अंति कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत अंतर्गत खुरा खुर्द राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सरकार के निर्देशानुसार सबसे पहले सर्वसम्मति से सदस्यों का चुनाव किया गया। इसके बाद समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संयोजिका का चुनाव किया गया। अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से अंति कुमारी, उपाध्यक्ष पद पर जगरनाथ उरांव और संयोजिका पद पर नीतू देवी का चयन किया गया।बैठक में नव निर्वाचित सदस्यों के साथ साथ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका को उनके कार्य व दायित्व से अवगत कराया गया। विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका बताई गई। यह बैठक विद्यालय के प्रधानाध्यापक फैयाज अहमद की देखरेख में संपन्न हुई। प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के लिए पर्यवेक्षक के रुप में सीआरपी बीरेंद्र राम उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फैयाज अहमद ने कहा कि स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका अहम होती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति जब अपनी जिम्मेदारी का निर्वह्न इमानदारी पूर्वक करेंगे तो विद्यालय की व्यवस्था में बेहतर सुधार होगा और उन्होंने कहा विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्यों के सक्रिय होने से विद्यालय को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चे की उपस्थिति हो बच्चों को बेहतर शिक्षा से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा।विद्यालय प्रबंधन समिति स्कूल के विकास में अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए विद्यालय के खुरा खुर्द क्षेत्र से काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# यदि गुप्ता गोड़ को न्याय नहीं मिला तो उच्च स्तरीय जांच कराकर न्याय दिलवाऊंगा : रामचंद्र केशरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा बीडीओ भ्र्ष्टाचार में लिप्त हैं अमानवीय कार्रवाई करते हैं। फिर जांच अधिकारी बीडीओ को बचाते हैं। उन पर कोई कार्रवाई नही होती है, जिससे सरकार की बदनामी हो रही है। यदि गुप्ता गोड़ को न्याय नही मिला तो उच्चस्तरीय जांच कराऊंगा। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी के तत्कालीन बीडीओ सह श्री बंशीधर नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के कार्यकाल में सोलर लाइट लगाने सबंधी कार्यों में काफी घोटाला किया गया था। जांच के लिये विभागीय सचिव मनोहर मरांडी, संयुक्त सचिव को तीन सदस्यीय जांच टीम से जांच कराने का आदेश दिया था। दो दिवसीय स्थल जांच करने के बाद जांच में प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के साथ कई अधिकारी भी दोषी पाये गये। श्री केशरी ने कहा कि जब इस सबन्ध में कार्मिक विभाग रांची से सूचना मांगा तो कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किया गया। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी प्रखंड के बरडीहा ग्राम निवासी रईस अंसारी द्वारा गरीब लोगों से पैसा दुगुना करने के नाम पर ठगी करने का मामला था।उसमे भी जब ग्रामीणों ने मुझसे लिखित शिकायत किया तो मैंने तत्कालीन एसडीओ जयवर्धन कुमार को आवेदन दिया। 26 मार्च 2021 को ग्रामीणों के साथ प्रखंड कार्यालय का घेराव किया तब एसडीओ तथा मजिस्ट्रेट दोनों आकर ग्रामीण गुलाम जिलानी व निजामुद्दीन अंसारी से लिया गया पैसा 14160 रुपये बीडीओ कार्यालय में वापस कराया था।उन्होंने कहा कि डॉ अनवर हुसैन नगर उंटारी व धुरकी दोनों प्रखंड के बीडीओ थे।उनके द्वारा भारी भ्र्ष्टाचार किया गया था तथा धुरकी प्रखंड कार्यालय कैम्पस से कीमती लकड़ी कटवा लिया था।जिसका स्थल जांच आई ए एस के0 रवि कुमार से कराई थी तथा बीडीओ अनवर हुसैन मुव्वतल हुये। उन्होंने कहा कि गुप्ता गोड़ के सबंध में भी पदाधिकारियों को आवेदन दिया हूँ।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्याल, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–सलमान अंसारी, उम्र–28 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 4 ईंच पहनावा–भूरा रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का जींस पैंट पहने हुए है। ।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सलमान अंसारी, पे0–मो0 गुलजार, सा0–साहेर, पोस्ट–पिस्का नगडी, थाना–नगडी, जिला–रॉंची जो दिनांक–28.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में नगडी सनहा संख्या–10/2024 दिनांक–29.06.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0, द्वितयी, रॉंची –9431706142
थाना प्रभारी नगडी, रॉंची। –9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR.NO.331559 Police(24-25):D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 211
शनिवार
03.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जब आप किसी काम की शुरुआत करें, तो असफलता से मत डरें और उस काम को न छोड़ें। जो लोग ईमानदारी से काम करते हैं, वो सबसे प्रसन्न होते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सीएम ने आज सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का दिया निर्देश

**रांची :** मौसम विभाग ने राज्य के ज्यादातर जिलों में 3 अगस्त को भी लगातार तेज हवा चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मौसम के रुख को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज 3 अगस्त 2024 को राज्य भर के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश दिया है।

### एयर इंडिया ने इस्राइल के लिए उड़ान सेवाएं बर्खास्त की

**नई दिल्ली :** हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। ईरान ने हानिया की मौत का बदला लेने के लिए इस्राइल पर हमले की धमकी दी है। इस्राइल हाई अलर्ट पर है। ऐसे हालात को देखते हुए भारतीय एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया ने भारत और इस्राइल की राजधानी तेल अवीव के बीच संचालित होने वाली उड़ान सेवाओं को बर्खास्त करने का फैसला किया है।

### मकान की छत गिरने से परिवार के छह लोग दबे, दादी-नातिन की मौत

**एटा :** जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र में एक मकान की छत गिर गई। मलबे में एक ही परिवार के छह लोग दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू कर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने दादी और नातिन को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम कूकपुरा में रहने वाले रामगोपाल अपनी बुजुर्ग मां व परिवार के साथ रहते हैं। पुराना होने के चलते देर रात घर की छत गिर गई। इस दौरान वहां रहने वाले एक ही परिवार के छह सदस्य दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

### ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे की सीबीआई जांच होगी, दिल्ली हाई कोर्ट ने एमसीडी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली एमसीडी कमिश्नर और डीसीपी पेश हुए। एमसीडी ने बताया कि मामले में कार्यवाही की गई है, हमने नालों की भी सफाई की है। इस पर हाई कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जमीन पर जा कर निरीक्षण किया है? सभी दलीलों को सुनने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने राजेंद्र नगर हादसे की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सीवीसी का वरिष्ठ अधिकारी जांच की निगरानी करेगा। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिल्ली एमसीडी को फटकार भी लगाई है।

### इस्राइल में रह रहे भारतीयों के लिए दूतावास ने जारी की एडवायजरी

**नई दिल्ली :** इस्राइल के गाजा पट्टी में हमास और लेबनान में हिज्बुल्ला से जारी संघर्ष के बीच भारत ने क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने इस्राइल में रह रहे नागरिकों को गैरजरूरी यात्रा से बचने और सुरक्षित ठिकानों के पास रहने के लिए कहा है। इसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास पूरी स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और इस्राइली अफसरों के साथ अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। दूतावास की तरफ से नागरिकों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की तरफ से तय किए गए प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा आपात स्थिति में दूतावास की 24*7 हेल्पलाइन पर संपर्क करने के लिए कहा गया है। दूतावास ने दूरसंचार के साथ ईमेल भी जारी किया है। साथ ही जिन भारतीयों ने दूतावास में रजिस्टर नहीं किया है, उन्हें तुरंत एक लिंक से रजिस्टर करने के लिए भी कहा है।

### दिल्ली के जहांगीरपुरी में गिरी इमारत, 3 की मौत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के जहांगीरपुरी में शुक्रवार शाम बड़ा हादसा हुआ. इलाके में एक इमारत देखते ही देखते भरभराकर ढह गई. आनन-फानन में लोगों ने इसकी पुलिस को दी. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया. मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया.

### रांची का तापमान

अधिकतम $30^0$
न्युनतम $24^0$

## बारिश से हाहाकार : झारखंड में रेड अलर्ट, हिमाचल-उत्तराखंड में तबाही, नदियां उफान पर

# रांची में बाढ़ जैसी स्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रांची में लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गयी है. बारिश के कारण शुक्रवार को सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली रोड नंबर पांच स्थित मुहल्ले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी. जानकारी के अनुसार 50 से अधिक घरों में पानी घुस गया.जिसमें 100 से अधिक लोग फंसे रहे. पानी में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया.

एनडीआरएफ की टीम घरों और सड़क पर फंसे लोगों को रेस्क्यू किया. रांची और आसपास के जिलों में हो रही लगातार बारिश से जहां डैम में जलस्तर काफी बढ़ा है, वहीं, इस मानसून में पहली बार हरमू और स्वर्णरेखा नदी में उफान देखा जा रहा है. निवारणपुर और हिंदपीढ़ी के पास तो हरमू नदी का पानी पुलिया से ऊपर बह रहा है. बता दें कि पश्चिम बंगाल के ऊपर बने लो प्रेशर के प्रभाव से झारखंड के इलाकों में अच्छी वर्षा हो रही है.

मौसम केंद्र रांची के अनुसार यह निम्न दबाव का क्षेत्र डीप डिप्रेशन में बदलकर और गंभीर हो जाएगा, इस सिस्टम का मूवमेंट पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर है. मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार जहां दुर्गापुर, आसनसोल और उससे सटे झारखंड के इलाके जैसे पाकुड़, जामताड़ा, साहिबगंज, देवघर में अच्छी वर्षा हुई है. बताया कि इस सिस्टम की वजह से पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला में अत्यंत भारी बारिश होने की संभावना है. इसे देखते हुए इन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. पलामू से सटे जिलों कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, रांची, खूंटी, सिमड़ेगा जिले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. देवघर जामताड़ा और आसपास के जिलों में भी भारी वर्षा की संभावना है. मौसम केंद्र निदेशक ने बताया कि राज्य में कोल्हान के कुछ जिलों और संथाल के कुछ जिलों को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में भारी, अत्यधिक भारी से लेकर अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

### एनडीआरएफ की टीम ने संभाला मोर्चा



**140**
मिमी बारिश बुधवार और गुरुवार को सबसे अधिक तोरपा प्रखंड में दर्ज की गई।

**मौसम केंद्र रांची के अनुसार यह निम्न दबाव का क्षेत्र डीप डिप्रेशन में बदलकर और गंभीर हो जाएगा, इस सिस्टम का मूवमेंट पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर है.**

**लगातार बारिशा से कई घरों में बरसात का पानी घुस गया है।**

### लगातार बारिश से नदियों में आई बाढ़

रांची : सावन महीने के दूसरे सप्ताह में लगातार हो रही लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां उफान पर हैं। खूंटी जिला के कारो, छाता, बनई सहित अन्य नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। लगातार बारिशा से कई घरों में बरसात का पानी घुस गया है। कई क्षेत्र तो टापू की तरह नजर आ रहे हैं। इसके कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि जिले में पिछले तीन दिनों में लगभग 145 मिलीमीटर बारिश हुई है। बुधवार और गुरुवार को सबसे अधिक 140 मिमी बारिश तोरपा प्रखंड में दर्ज की गई है।

### गृह विभाग ने डीसी को अलर्ट रहने का दिया निर्देश

रांची : झारखंड में हो रही भारी बारिश को देखते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को सभी डीसी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। गृह विभाग के जरिये जारी पत्र में कहा गया है कि दो और तीन अगस्त को राज्य में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अलर्ट को मद्देनजर रखते हुए जिलों में सुरक्षा के उपाए किए जाएं।मौसम विभाग ने तीन अगस्त के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों में वज्रपात की भी आशंका है। चार और पांच अगस्त को राज्य में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। छह और सात अगस्त को राज्य में फिर से भारी बारिश की संभावना है।

## उत्तराखंड में 13 की मौत
## हिमाचल में 49 लोग लापता



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** पहाड़ी राज्यों में इन दिनों बारिश आफत बनकर आई है. उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण कई लोगों को मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में अबतक 13 लोगों की मौत हुई है. हरिद्वार में चार, टिहरी में तीन, देहरादून में तीन, चमोली ,रुद्रप्रयाग और नैनीताल में एक-एक व्यक्ति की मौत की खबर है. जबकि 16 लोगों के लापता होने की सूचना है. इसी बीच केदारनाथ में फंसे 2537 यात्रियों को रेस्क्यू कर लिया गया है. 737 यात्रियों को हेलीकॉप्टर से निकाला गया. रेस्क्यू अभियान में चिनूक और माई 17 भी तैनात किए गए. आज भी रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा.उत्तराखंड में भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है. इसके कारण कई जगहों पर बाढ़ की स्थिति बनी हुई है.

तेज बहाव के कारण सड़कें बहने से कई लोग फंसे हुए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के आपदा पर नजर बनाए हुए हैं.हिमाचल प्रदेश में बुधवार मध्य रात्रि भारी बारिश ने कहर बरपाया है. छह जगह बादल फटने से भारी तबाही मची है. प्रदेश में 49 लोग लापता हो गए हैं. अभी तक 5 शव बरामद हो चुके हैं. 47 घर, 10 दुकानें, 7 पुल, तीन स्कूल, एक डिस्पेंसरी, बस अड्डा, 18 वाहन, दो बिजली प्रोजेक्ट और एक बांध बह गए हैं.मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार हिमाचल के लिए अभी तीन दिन और भारी हैं। प्रदेश में कई स्थानों पर बहुत भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पांच जिलों कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, चंबा व सिरमौर में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है।उतराखंड में मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों मे भारी-बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी के लिए ऑरेंज अलर्ट और अन्य पांच राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, बागेश्वर व नैनीताल में गर्जन के साथ तेज बारिश हो सकती है।

# रांची में दिनदहाड़े वकील की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या को लेकर वकीलों में काफी गुस्सा है.ड्डगोपाल कृष्ण के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे वे अपने घर से फोटो कॉपी कराने मधुकम स्थित हनुमान मंदिर के पास गए थे. फोटोकॉपी दुकान के पास अचानक एक अपराधी हाथ में चाकू लेकर आया और उन पर हमला कर दिया. अपराधी ने अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के पेट, हाथ और पीठ पर चाकू से हमला कर दिया. स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर अपराधी मौके से भाग निकला. स्थानीय लोगों ने अधिवक्ता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. अधिवक्ता गोपाल कृष्ण पर हमला करने वाला अपराधी उन्हें जान से मारने के लिए इतना आतुर था कि उसने उनके सिर के बीचों-बीच चाकू घोंप दिया, जो उनके सिर में ही फंस गया. रिम्स के डॉक्टरों ने मृत अधिवक्ता के सिर से चाकू निकाल दिया है. माना जा रहा है कि यह किसी रंजिश का परिणाम हो सकता है. घटनास्थल से सैंपल कलेक्ट करने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया.सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने गोपाल कृष्ण की हत्या से संबंधित पूरी जानकारी दी. सिविल कोर्ट से जुड़े गोपाल कृष्ण के साथी अधिवक्ताओं ने बताया कि हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है. सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं की आपात बैठक हुई है।

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

## प्रचार वाहन को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड विधान सभा परिसर से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु 10 एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी एलईडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विदित हो कि झारखंड विधान सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के करकमलों से प्रचार-प्रसार वाहन रवाना होने के पश्चात रांची, रामगढ़ एवं खूंटी जिले के अलावे राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त द्वारा अपने-अपने जिलों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बृहद प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वाहनों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पूरे राज्य में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री,महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी, विधायक सविता महतो, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सचिव मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चुनावी बॉन्ड योजना की नहीं होगी एसआईटी जांच : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इलेक्टोरल बांड के रूप में दिए गए चंदे की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से जांच की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता कॉमन कॉज की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामलों में सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि प्रमुख जांच एजेंसियां भी शामिल हैं। यह देश के इतिहास के सबसे बुरे वित्तीय घोटालों में से एक है। जिन कंपनियों ने बांड लिये, उसके बाद उन्हें काम मिला, इससे स्पष्ट है कि उसके एवज में किया गया। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर जानकारी साझा करने को कहा था। अब इस मामले में एसआईटी जांच की मांग क्यों। उन्होंने कहा कि यह मामला एसआईटी जांच का नहीं है। ऐसे ही किसी भी मामले में एसआईटी जांच के आदेश नहीं दे सकते।



**उच्चस्तरीय समिति के माध्यम से एनईईटी की पूरी प्रक्रिया का पुनर्गठन करे केंद्र :** स्नातक राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा 2024 के आयोजन में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ढिलाई की ओर इशारा करते हुए एक फैसला सुनाया और सरकार को परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह से पुनर्गठित करने के लिए एक समय सीमा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली अपनी उच्चाधिकार प्राप्त समिति के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया में ऊपर से नीचे तक बदलाव की सिफारिश करे और उसे लागू करे, जिसमें सुरक्षा सुधार, डेटा सुरक्षा उपाय, आवधिक ऑडिट, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण, छात्रों के लिए शिकायत निवारण तंत्र और फुलप्रूफ लॉजिस्टिक्स शामिल हैं।

# मानसून सत्र में ध्वनिमत से पारित हुआ चार विधेयक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को चार विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। इन विधेयकों में झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक 2024, झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2024, झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 और झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024 शामिल हैं। सबसे पहले झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक 2024 को प्रभारी मंत्री बैजनाथ राम ने सदन में रखा। इस पर लंबोदर महतो ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में अग्निशमन की भयावह स्थिति है।



अनुमंडल तक ही दमकल रहता है। प्रखंड तक पहुंचते-पहुंचते सब कुछ जलकर खाक हो जाता है।प्रभारी मंत्री बैजनाथ राम ने सदन में कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक सदन में रखा। इस पर विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह ने प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। लंबोदर महतो ने कहा कि इस विधेयक के जरिए कारा में सुधार के लिए किन प्रावधानों को किया गया है। इसे बताना चाहिए।प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन में झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश किया। इस पर विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि बिना वित्तीय संलेख के वित्त विधेयक का क्या औचित्य है। हड़बड़ी में लाया गया विधेयक है। विनोद सिंह ने कहा कि इस पर जो कर लगाया गया है, वह भार आधारित है। यह मूल्य आधारित होना चाहिए। इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि उनमें अन्य उद्देश्यों के लिए राशि खर्च का प्रावधान किया गया है। राज्यहित में यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण विधेयक है। शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन ने सदन में झारखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024 रखा। इस पर लंबोदर महतो ने कहा कि यह विधेयक में यूजीसी गाइडलाइन के विपरित प्रावधान किया गया है।

### बिहार: आकाशीय बिजली गिरने से आठ की मौत

**पटना (एजेंसी):** बिहार में पिछले 24 घंटे में राज्य के 04 जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पटना में 03, औरंगाबाद में 03, नवादा में 01 एवं सारण में 01 व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पिटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शनिवार, 03 अगस्त 2024 | पेज 4

## भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष ने चतरा एसपी को सौंपा मांग पत्र

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडे से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सोपा।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पिपरवार थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की घटना एवं अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने एसपी को बताया कि पिछले एक सप्ताह के भीतर पिपरवार थाना क्षेत्र में कई चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है,लेकिन अभी तक इस पर कोई सफलता नहीं मिली है।चोरी की घटना से आवासीय कॉलोनी के लोगों के अलावा ग्रामीण इलाकों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं एसपी विकास पांडे ने इस पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने लिपिकों की हड़ताल खत्म करने की मुख्यमंत्री से की मांग

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला सहित झारखंड के सभी जिला के उच्च वर्गीय लिपिक तथा समाहरणालय एवं उसके अधीनस्थ सभी कर्मी अपने 9 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल में है। कर्मियों के राजव्यापी हड़ताल से एवं आम जनों को खासकर विद्यार्थियों को तथा बेरोजगार युवकों को बहुत परेशानी हो रही है 22 तारीख से समाहरणालय एवं उसके अधीनस्थ कार्यालय में सभी तरह के कार्य बंद है। अभी छात्रों का स्कूल एवं कॉलेज में नामांकन का समय है छात्रों को आय जाति स्थानीय प्रमाण पत्र के लिए अंचल एवं जिलों के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है कहीं कोई कार्य नहीं हो रही है कर्मियों के हड़ताल के कारण तथा राज्य स्तरीय बहुत सी वैकेंसी निकली हुई है जिसमें कई तरह के प्रमाण पत्र की आवश्यकता छात्रों को बेरोजगार युवकों को हो रही है लेकिन जिला स्तरीय एवं उसके अधीनस्थ कार्यालय में हड़ताल के कारण सभी कार्यवादी है । मुख्यमंत्री से आग्रह है कि झारखंड राज्य के अराजपत्रित निम्न उच्च वर्गीय अनुसूची कर्मियों को मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार कर सरकार द्वारा अनुशासित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट को अविलंब लागू कराकर उनके जायज मांगों पर विचार कर अविलंब हड़ताल को जनहित में समाप्त करने की कृपा की जाए। उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा में लिपिक ग्रेड 1900 से 2400 उच्च वर्गीय लिपिक को 4200 प्रधान लिपि को 4600 प्रशस्ति गेट के ऊपर 5000 किया गया है पद सृजन करना कालवाड़ प्रोन्नति 4 वर्ष करके एमएसपी को 10 वर्ष से घटकर 8 वर्ष करने तथा सीमित उप समाहर्ता परीक्षा में 25त्र का लाभ देने संबंधी मांग पर विचार कर हड़ताल समाप्त करने की कृपा की जाए। क्योंकि हड़ताल से जन जीवन प्रभावित है लोगों का कोई काम नहीं हो रहा है लोग परेशान है इसीलिए मुख्यमंत्री अपने हटकर धर्मिता को छोड़कर उच्च स्तरीय जो अनुशंसा किया गया है उसको अमली जामाप?हनाने का करें यही उम्मीद और विश्वास के साथ झारखंड राज्य के जनताआपसे आग्रह करते हैं ।

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, मेहनत ही एक मात्र विकल्प : सुदेश महतो

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीवन में निश्चित लक्ष्य होना आवश्यक है। आप सभी अपने निर्धारित लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्पित होकर परिश्रम करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, इसके लिए मेहनत ही एक मात्र विकल्प है। आप में अद्भुत क्षमता है, आपको केवल उसे पहचानने और उसे पूरी तरह से विकसित करने की आवश्यकता है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सह सिल्ली के लोकप्रिय विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित अंबेडकर पार्क के समीप आयोजित प्रखंड स्तरीय मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। मौके पर इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले प्रखंड के सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सपने देखना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना। हर दिन कुछ नया सीखें, खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें और चाहे किसी भी परिस्थिति क्यों न आ जाए कभी भी हार न मानें। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को आगे रखने के लिए नए कौशल और नई तकनीकों को आत्मसात करें। आपका ध्यान केवल एक अच्छे विद्यार्थी बनने पर नहीं होना चाहिए, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने पर भी होना चाहिए। अपनी जिम्मेदारियों को समझें, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं, और हमेशा ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलें। शिक्षा एक ऐसा साधन है ज्ञान की प्राप्ति जीवन में सफलता की नींव है।गूंज परिवार द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रखंड टॉपर और विद्यालय टॉपर छात्र-छात्राओं को स्मार्ट टैब और स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं ने सुदेश महतो और गूंज परिवार के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।इस अवसर पर मुकुंद चंद्र मेहता, जयपाल सिंह, सचिव सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, बिना चौधरी, जितेंद्र बड़ाईक, आरती देवी, सोमरी देवी, धीरेन्द्र महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## खूंटी बाई पास रोड शिलान्यास 10 मार्च को ही हुआ, राजनीति की बजाय जनहित में भूमि अधिग्रहण कराएं जन प्रतिनिधि

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि खूंटी बाई पास रोड को लेकर कांग्रेस राजनीति कर रही है। जन समस्याओं को लेकर राजनीति करने या जनता को बरगलाने की बजाय जन प्रतिनिधियों को यह चिंता करनी चाहिए कि जनहित के काम को कैसे आगे बढ़ाया जाए। हास्यास्पद बात यह है कि खूंटी बाई पास रोड का शिलान्यास इसी वर्ष 10 मार्च को खूंटी में हुआ। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 2500करोड़ की लागत से दो सड़कों का शिलान्यास किया था, जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधिगण भी शामिल थे। खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित शिलान्यास समारोह मीडिया और खूंटी के हर व्यक्ति के जुबान में इस बहु प्रतीक्षित रोड का स्मरण में रहा, लेकिन, कांग्रेस वालों को शायद यह पता नहीं था। इसलिए, अब संसद सत्र में यह मामला उठा रहे हैं और खूंटी में बाई पास रोड बनाने की मांग कर रहे हैं।

रांची से खूंटी तक 4 लेन एनएच का निर्माण, जिसमें खूंटी बाईपास भी शामिल है, 15.03.2024 को 1907.31 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया था। यह सड़क तुपुदाना से कुंदी बर टोली तक 31.31 किलोमीटर लंबी फोर लेन है।इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया 13.03.2024 को आमंत्रित की गई थी। परियोजना के ऋह्वह्वद्गह्य द्वश्ह्व क्चश्चश्वह्यड्डद्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे शीघ्र ही अपलोड किया जाएगा। इस परियोजना में 156.6 हेक्टेयर निजी भूमि और 15 हेक्टेयर वन भूमि का अधिग्रहण शामिल है। ड्राफ्ट 3ए तैयारी के अंतिम चरण में है। भूमि अधिग्रहण और वन अधिग्रहण की प्रगति को ध्यान में रखते हुए बोली की नियत तिथि तय की जाएगी ताकि 90त्र लंबाई में साइट को निर्धारित तिथि पर संवेदक को सौंप दिया जा सके।

झारखंड में कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की सरकार है। राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण करने में शिथिलता बरत रही है।इसलिए कांग्रेस जनप्रतिनिधि को चाहिए कि इस महत्वाकांक्षी सड़क योजना के लिए राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहण का काम शुरू करवाएं। केंद्र सरकार इस योजना के लिए पूरी राशि दे रही है।

## खिजरी विधायक मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का कल करेंगें शुभारंभ

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय विधायक राजेश कच्छप जी कल दिनांक 03.08.2024 को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना हर बहना को हर साल 12 हजार रूपये 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की बहनों को हर महीने 1000 रूपये की सम्मान राशि की शुभारंभ खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत

निम्नलिखित प्रखण्डों में किये जाने की सुनिश्चित की गई है।

अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे का कष्ट करेंगे।

1 प्रखण्ड नगड़ी के चेटे पंचायत भवन में 10.30 बजे।
2 प्रखण्ड नामकुम के सिठियो पंचायत भवन में 12.15 बजे।
3 प्रखण्ड अनगड़ा के हेसल पंचायत भवन में 01.30 बजे।
4 प्रखण्ड ओरमांझी के चकला पंचायत भवन में 02.30 बजे।

# पिपरवार मे 30 घंटो से हो रही लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

❖बचरा दामोदर एंव सपही नदी का बढ़ा जल स्तर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 30 घंटे से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश ने कई कामों पर ब्रेक लगा दिया है। जानकारी के अनुसार मूसलाधार बारिश के कारण जहां एक तरफ किसान हल बैल लेकर खेतबारी व कृषि का काम शुरू कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है और बारिश से बचने के लिए लोग घरों में कैद हो गए हैं।झमाझम बारिश के बीच क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।वही स्कूली बच्चों को बारिश में भीगते हुए आते-जाते देखा गया। बारिश के कारण क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की सूरत बिगड़ गई है।सड़कों पर जल जमाव और कीचड़ों का अंबार लग गया है।वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण कोयला खदान में कोयला खनन का काम प्रभावित हुआ है।खदान क्षेत्र में बड़े एवं भारी मशीनों का परिचालन को रोक दिया गया है।वही ट्रांसपोर्टिंग की रफतार भी कम हो गई है। इधर लगातार हो रही बारिश के कारण पिपरवार क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी एवं बचरा सपही नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया।नदियों में लगातार जलस्तर बढ़ने के कारण इसमें बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।इधर बारिश की आस में बैठे किसानो के चेहरे लगातार हो रही बारिश से खिल उठा है और किसान हल बैल लेकर धान रोपाई का काम शुरू कर दिया है। बारिश के कारण कोयला खदान में काम करने वाले मजदूर और स्कूली बच्चों के अलावे दिहाड़ी मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नेशनल स्पोर्ट्स मे डी.ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली के छात्र-छात्राओं ने जीता स्वर्ण तथा रजत पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल बरियातू के द्वारा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम,रांची में नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर (लेवल- 5) एथलेटिक (दौड़) का आयोजन किया गया।

जिसमें डी. ए. वी. सिल्ली के अंडर-14 के छात्र-छात्राओं ने 100 मिटर तथा 200 मिटर तक के दौड़ में भाग लिया तथा अच्छे प्रदर्शन के साथ 1 स्वर्ण पदक , 5 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक प्राप्त किया। इन छात्र-छात्राओं का चयन अब जोनल लेवल के लिए किया गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका महोदय बी. शरण ने बताया कि हमारे बच्चे बहुत ही कम सुविधाओं के साथ सिर्फ 20 दिनों की तैयारी में यहां तक पहुंचे हैं और आगे भी बहुत अच्छा करेंगे। इस अवसर पर खेल शिक्षक विजय कुमार तथा शिक्षिका मोनालिशा सेनगुप्ता भी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे।

## बचरा के समाजसेवी हदीश खान का हुआ निधन, कई लोगो ने किया दुःख प्रकट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा मस्जिद कॉलोनी निवासी समाजसेवी हदीश खान का शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया।उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।इस संबंध मे उनके परिजनो ने बताया गया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था,जहां शुक्रवार की दोपहर इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।आज दोपहर मे बचरा कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज होगी और उन्हें सुपुर्द ऐ खाक किया जाएगा।इधर उनके निधन पर उनके निधन पर पिपरवार क्षेत्र के कई लोगों ने दुख प्रकट किया है।दुःख प्रकट करने वालो मे बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी,सेक्रेटरी इरफान शेख,राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली, कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी,आरवीएम उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, अब्दुल कुदूस,मोहम्मद ताज, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,आजसु नेता बिनोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, मोहम्मद नेजाम, मंजूर आलम, कुदुस खान, पिंटू खान, अयूब अंसारी, तहुर आलम, रिंकू खान, दानिश अंसारी, फारूक मंसूरी, कल्लन आजाद, फैयाज मास्टर सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## बचरा मे एथलेटिक्स एवं फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता कल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे रविवार चार अगस्त को गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खेल का ट्रायल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में वैसे एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिनका उम्र 8 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक हो।वैसे बालक एवं बालिका खिलाड़ी इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं।इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स इवेंट 60 मी दौड़,100 दौड़,200 मीटर दौड़,400 मीटर दौड़,600 मीटर दौड़,800 मीटर दौड़, लंबी कूद,ऊंची कूद,गोला फेक,चक्का फेंक एवं भाला फेंक साथ में फुटबॉल का ट्रायल रखा गया है।इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में चयनित होने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा दो वर्ष तक निःशुल्क एथलेटिक्स एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिससे उक्त सभी खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रत्येक खिलाड़ियों के लिए एंट्री फी 500 रुपये रखा गया है।

## किसान के खाते से साइबर अपराधियों के द्वारा एक लाख पाँच हजार निकासी कर ली गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी गांव के एक किसान के झारखंड ग्रामीण बैंक कुर्गी से साइबर अपराधियों के द्वारा एक लाख पांच हजार रुपए निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर अपराधियों ने तरगड़ी गांव के किसान फगुवा उरांव जिसका कुर्गी बैंक के खाता नंबर 22010727418 से रविवार 28 जुलाई को 3:55बजे चार किश्तों में एक लाख पांच हजार रुपए की निकासी कर ली। सर्वप्रथम साइबर अपराधियों ने फागुवा उरांव के खाते से पच्चास हजार रुपए कोटक महिंद्रा बैंक राजस्थान के ब्रान डिस्ट्रिक्ट के खाता नंबर 4549646996 जिसका आईएफएससी कोड kkbk0003716 पर ट्रांसफर किया गया। उसके बाद 4:01बजे उसी खाते पर पुनः पच्चास हजार रुपए ट्रांसफर की गई। जिसके बाद 4:15 बजे चार हजार रुपए गुजरात के जामनगर हरिपर स्वराज ग्रामीण बैंक के खाता नंबर 78043564796 व आईएफएससी कोड sgba000131 में ट्रांसफर हुआ और 4:44 बजे एक हजार रुपए गुजरात के ही फेडरल बैंक मोरवी के खाता नंबर 23400100020903 जिसका आईएफएससी कोड sgba0000131 में ट्रांसफर हुआ। भक्ति भोगी के द्वारा साइबर क्राइम ब्रांच में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है. वही इटकी थाना को भी एक लिखित आवेदन देकर सूचना दी गई है.

## जिस वर्ष रैयतों को ज़मीन से विस्थापन हो उसी वर्ष को मुआवज़े का कट ऑफ डेट माना जाए : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में बड़कागांव के विस्थापित रैयतों को उचित मुआवजा एवं विस्थापन का लाभ दिलाने हेतु जिस वर्ष रैयतों को ज़मीन से विस्थापन हो उसी वर्ष को मुआवज़े का कट ऑफ डेट घोषित करने की माँग की। तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक अंबा प्रसाद में विधानसभा के पटल पर महत्वपूर्ण मामले को रखा।

विधायक ने कहा कि हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड में पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में एनटीपीसी कंपनी प्रबंधन द्वारा वर्ष 2016 को आधार मानकर 18 वर्ष से ऊपर के विस्थापित ग्रामीणों को मुआवजा एवं अन्य लाभ दिया जा रहा है जबकि कंपनी द्वारा लोगों को ज़मीन से विस्थापन अभी भी हो रहा है।

पहले कंपनी के द्वारा मुआवाजे के लिए 2010 का कट ऑफ रखा गया, फिर कंपनी के द्वारा 2016 में खनन शुरू किया गया। कंपनी जिस स्थान पर 2016 में लोगों को विस्थापित की उनके लिए समझा जा सकता है कि 2016 का कट ऑफ हो। पर कंपनी हर साल अलग अलग जगह पर खनन शुरू करती है और लोगों को विस्थापित करती है।

इसलिए न्याय यह है कि विस्थापन करने वाले वर्ष को मुआवज़े के लिए कट ऑफ माना जाय ना की फिक्स करके 2016 को। अभी भी नये जगहों पर लोग विस्थापित हो रहे हैं पर उनको मुआवज़े का लाभ 2016 के आधार पर दिया जा रहा ना की इस वर्ष के आधार पर। इससे मुआवजा भी आज की दर से काफ़ी कम मिल रहा और ऐसे परिवार जिसमें कोई 2016 के बाद 18 वर्ष का हुआ या जिनके माता पिता 2016 के बाद गुजर गये उनको कुछ भी मुआवज़ा नहीं मिल रहा।

विधायक ने सदन के माध्यम से माँग किया कि जिस साल लोगों को ज़मीन से धरातल पर विस्थापित किया जा रहा उस साल को कट ऑफ माना जाय ना कि कोई एक पुराने साल को फिक्स किया जाए।

## कोडरमा सदर अस्पताल में फ्री अल्ट्रासाउंड सेवा बंद, मरीजों को पैकेट करनी पड़ रही है ढीली, मरीजो की बढ़ी परेशानी



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा जिले समेत आसपास के विभिन्न जिलों मसलन हज़ारीबाग व गिरिडीह जिले के कुछ प्रखंड तथा पड़ोसी बिहार से आने वाले मरीजों को इलाज़ के बाद डॉक्टर के द्वारा अल्ट्रासॉउन्ड लिखने पर मरीजों को बाहर से अल्ट्रासॉउन्ड कराना पड़ रहा है जिस कारण मरीजों को करनी पड़ती है ज़ेब ढीली। जी हां हम बात कर रहे हैं ज़िला मुख्यालय स्थित कोडरमा सदर अस्पताल की, जहां पिछले कुछ सालों से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है, यहां डॉक्टर की फी और कुछ ज़रूरी दवाएं छोड़ हर चीज के लिये लोगों को पैसे देने पड़ते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 400/500 मरीज इलाज़ के लिये पहुंचते हैं। सदर अस्पताल का अल्ट्रासाइंड कई महीनो से डॉक्टर के नहीं रहने के कारण बंद पड़ा है। जिससे मरीजों को काफी दिक्कत हो रहा है। वहीं अस्पताल में हेल्थ मैप के द्वारा लगाए गए अल्ट्रासाउंड पिछले दो सप्ताह से बंद है, जिस कारण मरीजों को निजी क्लीनिक जाना पड़ रहा है। वहीं अधिकतर मरीजों को कृष्णा केयर अल्ट्रासाउंड भेजा जा रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चालू रहने से बीपीएल परिवारों को राहत मिल पाता था। हेल्थ मैप अल्ट्रासाउंड के लिए सिविल सर्जन द्वारा आदेश जारी कर प्रतिदिन सिर्फ ×2 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करने को कहा गया है। जिसके लिए 500 रूपये अदा करने पड़ता है। अब यहां सीटी स्कैन, एक्सरे का ही लाभ बीपीएल मरीजों को मिल रहा है। अस्पताल प्रबंधन इससे बेखबर नहीं पर किसी सेंटर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह सब किया जा रहा है।

## कोडरमा में सावन की भक्ति व आस्था की बह रही है व्यार



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आस्था भक्ति की बयार इन दोनों सावन में पूरे अभ्रक नगरी में देखने को मिल रही है कोडरमा डोमचांच मरक'चो के रास्ते सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त वाहनों के जरिए देवघर और बासुकीनाथ जा रहे हैं वहीं गया ,आसनसोल, मधुपुर ट्रेन के रास्ते प्रतिदिन सैकड़ो कि संख्या में देवघर पंहुच रहे हैं। हर हर महादेव बाबा भोले नाथ की जय के नारों के साथ वाराणसी, और तारकेश्वर के लिए भी कोडरमा से भक्त पंहुच रहे हैं। इधर प्रतिदिन जिले के विभिन्न इलाकों से केसरिया वस्त्र पहनकर अलग-अलग जत्थों में कई श्रद्धा भक्त बाबा भोले कि नगरी पंहुच रहे हैं। जिले के ध्वजाधारी धाम में 777 सीढ़ी चढ़कर जिला अभिषेक कर रहे हैं आम से खास गरीब से अमीर सभी बाबा भोले पर जिला अभिषेक कर मनौती मान रहे हैं। प्रत्येक सोमवार को जिले के विभिन्न इलाकों के अलावा अन्य जिलों से भी लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं वहीं दूसरी ओर झरना कुंड दो मोहनी मंदिर मैं भी लोग प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं बताते चलें इन मंदिरों विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग ने घोषणा कर दी थी लेकिन वन विभाग की एन ओ सी नहीं मिलने से बिकास के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। झरना कुंड में गटवाल के कुछ कार्य हुए थे।

## लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, तैयार सब्जी की फसल को हुई क्षति

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेड़ो :** प्रखंड व आस पास के क्षेत्रो में पिछले दो दिनो से लगातार हो रही बारिश से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई। बारिश से बैद्यखिजरी गांव में गोबिंद उरांव का कच्चा घर का एक हिस्सा गिर गया। घर के ढाबा का गिरने घर में रखे घरेलू उपयोग के समान मिट्टी व छप्पर से दबकर और बारिश की पानी में भिंग कर बर्बाद हो गया। इधर बेड़ो टिकराटोली के हठुआ पुल के समीप रबिंद्र साहु के घर में पानी घुस गया। घर में पानी घुस जाने से कई समान पली में भिंग गये। इधर बेड़ो से नरकोपी जाने वाली सड़क पर पाकलमेड़ी नदी में पानी पुल से उपर बहने से उक्त रुड़क पर आवागम बंद हो गई है। वही बारिश से टेरो गांव के जोबला के समीप सड़क किनारे बनी गाड़वाल धराशाही हो गई। गाड़वाल के गिरने से तैज पानी की बहाव में सड़क कभी भी टुट सकती है। वही इधर लगातार हो रही बारिश से खेतो में लगी खस कर फुलगोभी, पत्तागोभी, फ्रेचबिन, टमाटर, मुली व टमाटर की तैयार फसल को छति पहुंचा रही है। वहीं लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त रही।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

National Career Service

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर गुमला

प्रेस विज्ञप्ति
भारतीय वायु सेना में अग्निवीर में भर्त्ती हेतु आवश्यक सूचना :-

आप सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध पूर्वक कहना है कि भारतीय वायु सेना (IAF) ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरूष और महिला उम्मीदवारों की भर्त्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 08 जुलाई 2024 को आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर खुली थी जो कि अब 04 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी गयी है।

इसके अलावा अग्निवीर वायु भर्त्ती के लिए उम्मीदवार अग्निवीर वायु की भर्त्ती के लिए 08 जुलाई 2024 सुबह 11 बजे से 04 अगस्त 2024 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉगइन कर ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्त्ती में 03 जुलाई 2004 से 03 जनवरी 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। 12वी0 कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ और अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है, या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र हैं। साथ ही इच्छुक अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवार भर्त्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in से ले सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR.NO.331619 Labour Employment and Traning(24-25):D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मंगल कालिंदी ने सदन में रखी पटमदा डिग्री कॉलेज में छात्रावास निर्माण की मांग



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला परिसर में एक छात्रावास निर्माण का मामला उठाया। सदन में विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा डिग्री कॉलेज की स्थापना जाल्ला में वर्ष 1993 में की गई थी। उक्त कॉलेज परिसर में कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 1998 में छात्रों के रहने हेतु छात्रावास का निर्माण किया गया। वर्तमान में उक्त छात्रावास जर्जर होने के कारण वहां कोई भी छात्र नहीं रहते हैं। 2020 तक इस छात्रावास में पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के साथ - साथ पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अपनी जान को जोखिम में डालकर रह रहे थे। आसन के माध्यम से जनहित में पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला परिसर में एक नया छात्रावास निर्माण करने की मांग की गई है।

## डीसी, एडीसी ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं अपर उपायुक्त संजय कुमार दास द्वारा समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अनिल टूडु भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन का प्रयास है कि सरकार के उक्त महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से कोई भी लाभुक न छूटे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 21 से 50 आयु वर्ग की युवती एवं महिलायें जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ लेने से वंचित हैं उन्हें पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये राज्य सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। इसके लिए 03 से 10 अगस्त तक जिला अंतर्गत सभी पंचायत भवनों एवं शहरी क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर कैम्प लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस विशेष कैम्प के बाद भी अपना आवेदन नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में कभी भी जमा करवाया जा सकता है।

## कबीर मेमोरियल के सेवानिवृत्त शिक्षक जमालुद्दीन को दी गई विदाई




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कबीर मेमोरियल उच्च विद्यालय के वरीय शिक्षक मोहम्मद जमालुद्दीन अपनी 35 साल सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे उन्होंने बताया के शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता वह छात्रों की रगों में खून बनकर जीवित रहता है। मोहम्मद जमालुद्दीन कबीर मेमोरियल उर्दू उच्च विद्यालय के बहुत ही कर्मठ और प्रसिद्ध शिक्षक हैं। इनके प्रयास से कई विद्यार्थी इंजीनियर व डाक्टर बनकर राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। मोहम्मद जमालुद्दीन के पांच बच्चे हैं जिनमें तीन इंजीनियर एक शिक्षक और छोटी पुत्री एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। स्कूल प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने मिलकर बहुत ही शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य रूप से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुमताज अहमद, सचिव अब्दुल अलीम, मतीमुल हक अंसारी पूर्व प्रधान अध्यापक रिजवान अहमद, जावेद अख्तर अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन वर्तमान प्रधानाध्यापक गुलरेज अयूब ने किया और मंच संचालन शिक्षिका शाइस्ता यासमीन ने किया।

## हर घर जल योजना 15 दिनों से ठप्प, जांच कर अति शीघ्र जलापूर्ति कराई जाए : पूजा सिंह



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत अंतर्गत मुख्यमंत्री पेयजल आपूर्ति योजना के द्वारा पंचायत के प्रत्येक मोहल्ले में पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। किन्तु, करीब 15 दिनों से जलापूर्ति बंद होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटा गम्हरिया की पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह ने इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अविलंब पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराने की मांग किया है। बताया गया है कि जलापूर्ति बन्द रहने को लेकर किसी भी माध्यम से आम सूचना नहीं दी गई है। जबकि पंचायत के अधिकांश परिवार दैनिक उपयोग के लिए इसी जलापूर्ति पर निर्भर हैं। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियन्ता को भी प्रेषित करते हुए इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

## वाणी विद्या मंदिर स्कूल गम्हरिया समिति के नई कमेटी को बताया अवैध



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वाणी विद्या मंदिर स्कूल छोटा गम्हरिया प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत महतो व उपाध्यक्ष वरुण महतो ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन पर आपत्ति जताई है। विगत दिनों गठित नई कमेटी को उन्होंने अवैध करार दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अभी तक के करीब 50 लाख रुपए का कोई हिसाब- किताब प्रधानाध्यापक हेमलाल महतो और परितोष महतो द्वारा अब तक नहीं दिया गया है। इससे बचने के लिए गुपचुप तरीके से उनके द्वारा विद्यालय प्रबंधन की नई कमेटी का गठन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार छात्राओं का रजिस्ट्रेशन फीस नहीं लेना है। इसके बावजूद उनलोगों के द्वारा बच्चो से रजिस्ट्रेशन फीस लिया गया है। यहां तक कि बच्चों का फीस भी अपने निजी बैंक खाते में जमा करवाया है। कहा कि स्कूल संबंधित मामले में हेमलाल महतो, परितोष महतो (दोनो प्रधानाध्यापक) तथा आशुतोष महतो के नाम पर न्यायालय में विवाद विचाराधीन है। इधर दोनों ने प्रधानाध्यापकों ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## जॉर्डन मरे और जेवियर सिवेरियो की टीम में शामिल होने से मेन ऑफ स्टील की ताकत बढ़ी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जॉर्डन मरे और जेवियर सिवेरियो आज फ्लैटलेट्स में उतरे, जिससे मेन ऑफ स्टील के दल में अंतर्राष्ट्रीय ताकत का आगमन हुआ. 4 अगस्त, रविवार को डूरंड कप 2024 में चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ मुकाबले के साथ दोनों का आगमन टीम के लिए ताकत है. मेन ऑफ स्टील ने अपने शुरुआती मैच में रोमांचक जीत के साथ डूरंड कप 2024 अभियान के लिए टोन सेट कर दिया है और अब उनकी निगाहें रविवार, 4 अगस्त को शाम 7 बजे चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अगली चुनौती पर टिकी हैं. जैसे-जैसे टीम बड़े मैच के लिए तैयार होगी, फैंस के बीच उत्साह भी बढ़ेगा।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर की संगठनात्मक बैठक को असम के मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# तेजी से बदल रही है झारखंड की डेमोग्राफी : हिमंता बिस्वा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की संगठनात्मक बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक बरकुंवर गागराई, जिला प्रभारी डॉ जीतू चरण राम समेत प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद भी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी को मात्र विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने का नही है। बल्कि यह चुनाव झारखंड की अस्मिता, गौरवशाली संस्कृति को स्थापित करने का चुनाव है। असम, बंगाल और त्रिपुरा के बाद झारखंड की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। परंतु वोट बैंक और तुष्टिकरण की पोषक झामुमो-कांग्रेस सरकार इन सब मुद्दों पर मौन धारण कर बैठ गयी है। पूरे संथाल में आदिवासियों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का आतंक चरम पर है। बांग्लादेशी घुसपैठिये यहां के मूलवासी आदिवसी एवं दलितों की जमीन लूटकर उनपर लगातार अत्याचार कर रहे है। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस के नेताओं द्वारा बिहारी, बंगाली और असम के लोगों की तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से करने की कड़े शब्दों में निंदा की।

श्री सरमा ने झारखंड की हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में धोखा और वादाखिलाफी की सरकार है। पिछले साढ़े चार से अपने चुनावी वादों में एक वादा भी पूरा न करने वाली हेमंत सरकार फिरसे झूठे वादों और घोषणाओं से जनता को ठगने का प्रयास कर रही है।

वहीं, बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में निर्धारित लक्ष्य के साथ दायित्वों को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें।

दूसरे सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों से की मुलाकात : असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जमशेदपुर महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान तुलसी भवन के चित्रकूट कक्ष में उन्होंने सभी नेताओं से मुलाकात की एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

बैठक के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राकेश सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, डॉ राजीव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्याणी शरण, राजन सिंह आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु एलईडी जागरूकता रथ रवाना

- **आज से लाभुक अपने नजदीकी कैंप में जाकर आवेदन जमा कर सकते है**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाएगा । योजना का ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा एलईडी जागरूकता रथ को समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो उपस्थित थीं। योजना अंतर्गत जिले की सभी सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु 03 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय कैम्प लगाये जा रहे हैं, वहीं नगर निकायों में भी चिन्हित स्थानों पर कैम्प लगाया जा रहा। यह कैम्प प्रतिदिन सभी स्थानों में अगले 8 दिनों तक आयोजित होंगे।

## चुनाव के समय भाजपा को बंगलादेशी घुसपैठियों की आ रही है याद : डॉ. अजय कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा को झारखंड में बंगलादेशी घुसपैठियों की याद सताने लगी है जबकि 2014 से 2019 तक राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार थी. उस दौरान एक बार भी भाजपाईयों को बंगलादेशी घुसपैठियों की याद नहीं आई और न ही तत्कालीन सरकार द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई की गई.उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेंमत विस्वा सरमा को शायद पता नहीं जब कोर्ट द्वारा 2015 में झारखंड में बंगलादेशी घुसपैठियों को लेकर चिंता जाहिर की गई थी. तब प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली रघुवर सरकार थी, लेकिन रघुवर दास ने कोई कार्रवाई नहीं की. उन्हें यह स्वीकार करना चाहिए की भाजपा की गलती के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है. डॉ. अजय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद भाजपा अब विधानसभा चुनाव में फुट डालों राज करों के तर्ज पर झारखंड में आदिवासियों और मुस्लमानों के बीच विवाद पैदा करके चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है. विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बुरी तरह हार निश्चित है, हार की डर से बौखलाहट में बीजेपी के नेता इस प्रकार के भड़काऊ बयान दे रहें है, झारखंड की जनता सब समझ रही है.

## झामुमो ने किया मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का प्रचार, विधायक प्रतिनिधि ने वाहन को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार हेतु विधायक मंगल कालिंदी द्वारा निकाली गई प्रचार वाहन को विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो व ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को बेलटांड़ चौक में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संबंध में चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की दर से मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 3 से 10 अगस्त तक सभी पंचायतों में कैम्प लगाकर आवेदन पत्र प्राप्त किया जाएगा। मौके पर सुजीत महतो, स्वपन महतो, राजू कर्मकार, निताई महतो व दुलाल कुंभकार आदि उपस्थित थे।

## मानसून सत्र में दशरथ गागराई ने कोल्हान आवासीय विद्यालय का उठाया मुद्दा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की शून्यकाल में खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक दशरथ गागराई ने शुक्रवार को कोल्हान आवासीय विद्यालय का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक ने सरकार को अवगत कराया है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के तर्ज पर कोल्हान आवासीय विद्यालय का निर्माण की स्वीकृति पश्चिमी सिंहभूम जिला के खुंटपानी अंचल में पांच साल पूर्व प्रस्तावित है। लेकिन इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह विद्यालय चक्रधरपुर अंचल के चैनपुर मौजा में संचालित हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है। कि कोल्हान आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रस्तावित स्थल पर किया जाए।

## करीम सिटी कॉलेज में आईआईटी बॉम्बे के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ताबिश नवाज का हुआ व्याख्यान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के इंटर क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईयूएसी) के तत्वाधान में पर्यावरण सुधार तकनीक का विकास, संसाधन पुनर्प्राप्ति और धन-से-धन रणनीतियों के साथ युग्मित विषय पर एक प्रतिष्ठित शोध संगोष्ठी कॉलेज के सभागार में आयोजित हुआ। अतिथि वक्ता के आईआईटी बॉम्बे में पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. ताबिश नवाज़ ने अपनी अमूल्य विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या में इस ज्ञानवर्धक संगोष्ठी में शामिल तथा लाभान्वित हुए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुआ। आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ एस एम यहिया इब्राहीम ने मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया एवं उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी। इस सभा में डॉ बी एन त्रिपाठी, डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ डॉ मोहम्मद तुफैल अहमद तथा डॉ फखरुद्दीन अहमद के अलावा विभिन्न विभागों के प्राध्यापक मौजूद थे।

## झारखंड में आलू के दामों में बेतहाशा वृद्धि, बंगाल के निर्णय पर सरकार को पहल करने की मांग की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के बंगाल सीमावर्ती कुकड़ु प्रखंड के व्यवसायियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने सीरूम में प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल सरकार से आलू पर लगे रोक का समाधान करने का झारखंड सरकार से मांग किया। बंगाल से आलू का खेप झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में आने से बंगाल प्रशासन रोक लगाकर रखी है। वहीं कुकड़ु प्रखंड के दर्जनों दुकानदारों ने सीमावर्ती बंगाल के बलरामपुर से दुकान का समान ला रहे थे, जहां बलरामपुर चेकनाका में पुलिस द्वारा जांच कर आलू को वापस उसी दुकान पर भेजा गया। जिससे दुकानदार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ झारखंड सरकार को आलू पर प्रतिबंध को लेकर बंगाल सरकार से वार्ता कर आलू पर रोक को हटाने का मांग किया। बंगाल से सटा हुआ सीरूम, कुकड़ु, चौड़ा सहित दर्जनों गांवों के दुकानदार अपने नजदीक के बंगाल प्रदेश के बाजार बलरामपुर से दुकान का समान खरीदकर लाते हैं, नजदीक होने से दुकानदारों को बंगाल पर ही निर्भर रहना पड़ता है। मालूम हो कि बंगाल सरकार द्वारा आलू पर अन्य राज्यों में जाने से रोक लगाया गया है। जिससे क्षेत्र में आलू का किल्लत हो गया है। जिससे आलू के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। आलू अभी 35 से 40, रूपये खरीदना पड़ रहा है। मौके पर मुखिया मंजित सिंह,पंसस प्रतिनिधि युधिष्ठिर मांझी, भाजपा जिला आइटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी, कृतिवास महतो, सुर्यकांत, भगीरथ महतो, भास्कर दत्ता, सचिन कुमार, महेंद्र गोप आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील और वेलस्पन कॉर्प ने शुद्ध हाइड्रोजन परिवहन के लिए पाइप का सफलतापूर्व किया निर्माण

- **9 टाटा स्टील और वेलस्पन कॉर्प गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए ईआरडबल्यू पाइप उत्पादन करने वाली पहली भारतीय कंपनियां बनी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील और वैश्विक स्तर पर लाइन पाइप के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक वेलस्पन कॉर्प ने हाइड्रोजन अनुरूप एपीआई एक्स65 ग्रेड पाइप विकसित करते हुए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, जिसने आरआईएनए, इटली में उच्च दबाव (100 बार) के तहत 100 फीसदी शुद्ध गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए सभी आवश्यक क्रिटिकल सावर सर्विस और फैक्कर योग्यता परीक्षणों को सफलतापूर्वक पार कर लिया।

इस विकास के साथ, टाटा स्टील गैसीय हाइड्रोजन के परिवहन के लिए हॉट-रोल्ड स्टील का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय स्टील मिल बन गई है और वेलस्पन कॉर्प इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडबल्यू) पाइप का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय पाइप मिल बन गई है। इसके लिए टाटा स्टील और वेलस्पन कॉर्प के बीच ग्रीन एनर्जी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की स्थापना की गई थी। यह साझेदारी भारत सरकार (जीओआई) की ग्रीन हाइड्रोजन नीति के अनुरूप है।

टाटा स्टील के मार्केटिंग और सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट्स) के वाइस प्रेसिडेंट प्रभात कुमार ने कहा कि, हम हरित हाइड्रोजन को व्यापक रूप से अपनाने के लिए आवश्यक अधिक मजबूत बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहे हैं, जिससे हरित और अधिक सस्टेनेबल भविष्य की ओर बदलाव को बढ़ावा मिलेगा।

वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ विपुल माथुर ने कहा कि, टाटा स्टील के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी हमें अपने दैनिक जीवन में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग को संयुक्त रूप से अपनाने और जागरूकता पैदा करने में सक्षम बनाती है। यह प्रयास हमारे व्यवसायों में ईएसजी संचालकों को रणनीतिक रूप से एम्बेड करने के हमारे चल रहे प्रयासों और 2070 तक नेट-जीरो अर्थव्यवस्था के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।


### झारखण्ड सरकार
### राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
### (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा "पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना" हेतु ग्राम–भीठा, थाना–राँची, थाना संख्या–187, अंचल–हेहल, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–0.059 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–0.059 एकड़ है, जो ग्राम–भीठा, थाना–राँची, थाना संख्या–187, अंचल–हेहल, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

**मौजा–भीठा**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 1 | 121 | 9 | टाड़ दो | 0.026 | फिरोज अहमद खान, जुबैर अहमद खान, इमतयाज अहमद खान, इसरार अहमद खान, अजहर अहमद खान पिता–स्व० मोहम्मद मुस्लिम खाँ वगैरह | 8 | सिमाना | 1130 | सिमाना |
| 2 | 162 | 11/1130 | सड़क | 0.033 | कैषरे हिन्द | – | – | – | – |
| | | | Total | 0.059 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

उपायुक्त,
राँची

PR 331514 Land Reforms(24-25).D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## तल्खी दूर करने को उठाया सरकार ने कदम

केंद्र की राजग सरकार ने एक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है। वहीं राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मनभेद व मतभेद नहीं है। वहीं संघ दावा करता है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफ से जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं। संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने तो कहा था कि भगवान राम ने एक अहंकारी पार्टी को रोका है, जो रामभक्त होने का दावा करती है। यहां तक कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया था कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अति उत्साह के चलते पार्टी के जनाधार में गिरावट आई है। साथ ही संघ प्रमुख ने बिना नाम लिये पार्टी नेतृत्व के सुपरमैन व भगवान समझने की महत्वाकांक्षा का जिक्र किया था। इन बयानों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि संघ का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मोहभंग हो गया है। ऐसे में जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है, भाजपा का यह कदम दोनों के बीच रिश्ते सामान्य करने की दिशा में उठाया गया कदम कहा जा रहा है। बहरहाल, केंद्र के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में आरएसएस पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। जिसके बाद इंदिरा गांधी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश समेत कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार के स्तर पर यह प्रतिबंध वैध बना हुआ था। इसी मामले को लेकर इंदौर की एक अदालत में वाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। फिर केंद्र ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंध को खत्म करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि प्रतिबंध हटाने का केंद्र का फैसला राष्ट्रहित से परे राजनीति से प्रेरित संघ के तुष्टीकरण का फैसला है। वहीं अन्य राजनीतिक दलों का भी मानना है कि सरकारी कर्मचारियों का संविधान और कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित और जनकल्याण के लिए काम करना जरूरी होता है। कहा जा रहा है कि सरकार का फैसला धर्मनिरपेक्षता की दृष्टि से उचित नहीं है क्योंकि इससे कर्मचारियों की तटस्थता प्रभावित होती है।

> सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है। वहीं राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मनभेद व मतभेद नहीं है। वहीं संघ दावा करता है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफ से जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं।

### कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिहाज से वैश्विक संस्थाएं भी आईबीसी को सराहती रही हैं

## आईबीसी कानून में सुधार की जरूरत

अश्वनी महाजन

> आईबीसी के अनुसार जब कोई देनदार दिवालिया हो जाता है तो उसकी संपत्ति को लेनदार आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। यदि लेनदारों की समिति के 75 प्रतिशत या उससे अधिक सदस्य सहमत होते हैं तो ऐसी कार्रवाई के लिए आवेदन स्वीकार किए जाने की तिथि से (एनसीएलटी की मंजूरी के अधीन 90 दिनों की छूट अवधि के साथ) 180 दिनों में कार्रवाई की जा सकती है। यदि तब भी ऋण का भुगतान नहीं होता तो व्यक्ति/फर्म को दिवालिया घोषित कर दिया जाएगा। आईबीसी के पीछे यह मंशा थी कि इससे ऋण की वसूली में होने वाली देरी और उससे जुड़े नुकसान स्वत : खत्म हो जाएंगे।

इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी आईबीसी के कानूनी रूप लेने से पहले दिवालियापन से निपटने के लिए लगभग एक दर्जन कानून थे। उनमें से कुछ कानून तो 100 साल से भी अधिक पुराने थे। मोदी सरकार ने इन कानूनों के स्थान पर आईबीसी के रूप में जो पहल की, उसे एक बड़ा आर्थिक सुधार माना गया। आईबीसी के अनुसार जब कोई देनदार दिवालिया हो जाता है तो उसकी संपत्ति को लेनदार आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। यदि लेनदारों की समिति के 75 प्रतिशत या उससे अधिक सदस्य सहमत होते हैं तो ऐसी कार्रवाई के लिए आवेदन स्वीकार किए जाने की तिथि से (एनसीएलटी की मंजूरी के अधीन 90 दिनों की छूट अवधि के साथ) 180 दिनों में कार्रवाई की जा सकती है। यदि तब भी ऋण का भुगतान नहीं होता तो व्यक्ति/फर्म को दिवालिया घोषित कर दिया जाएगा। आईबीसी के पीछे यह मंशा थी कि इससे ऋण की वसूली में होने वाली देरी और उससे जुड़े नुकसान स्वतः खत्म हो जाएंगे। कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिहाज से वैश्विक संस्थाएं भी आईबीसी को सराहती रही हैं। विश्व बैंक की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रैंकिंग में भारत के 2014 में 142वें स्थान से 2019 तक 63वें स्थान तक पहुंचने में आईबीसी जैसे सुधार की अहम भूमिका मानी गई। कारोबारी सुगमता में व्यवसाय शुरू करने और उसे बंद करने में सहूलियत जैसे दोनों पहलू शामिल होते हैं। आईबीसी ने व्यवसाय को बंद करना आसान बना दिया। हालांकि आईबीसी की घोषित अपेक्षाओं और जमीनी स्तर पर अनुभव के बीच कुछ अंतर जरूर है।




आईबीसी के तहत तनावग्रस्त संपत्तियों के समाधान का प्रारंभिक बिंदु कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) है, जो वित्तीय लेनदारों, परिचालन लेनदारों या यहां तक कि कारपोरेट द्वारा स्वयं सीआईआरपी शुरू करने के लिए एक वसूली तंत्र है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार आईबीसी के बाद से जनवरी 2024 तक 7058 कारपोरेट देनदारों को सीआईआरपी में लाया गया है, जिनमें से 5057 मामले बंद कर दिए गए और 2001 समाधान के विभिन्न चरणों में हैं। जो मामले बंद हो गए हैं, उनमें से करीब 16 प्रतिशत में सफल समाधान योजनाएं सामने आई हैं। वहीं, 19 प्रतिशत को आईबीसी की धारा 12-ए के तहत वापस ले लिया गया है, जहां बड़े पैमाने पर देनदार लेनदारों के साथ पूर्ण या आंशिक निपटान के लिए सहमत हुए। जबकि 21 प्रतिशत अपील या समीक्षा पर बंद कर दिए गए और 44 प्रतिशत मामलों में परिसमापन आदेश पारित किए गए हैं। हालांकि, समाधान के विभिन्न चरणों में अटके मामलों में देरी चिंता के रूप में उभरी है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान मामले को स्वीकार करने में लगने वाला औसत समय क्रमशः 468 दिन और 650 दिन रहा। यह अपेक्षित समय से कहीं अधिक है। वित्तीय लेनदारों द्वारा दायर अपीलों के निपटारे में देरी का एक कारण यह है कि अक्सर अदालतें लेन-देन के वाणिज्यिक पहलुओं में उलझ जाती हैं। ये पहलू कानून से संबंधित बिंदुओं से नहीं, बल्कि प्राप्त मूल्य आदि के संदर्भ में लेनदारों से संबंधित होते हैं, जो समाधान योजना को मंजूरी देने का फैसला करने वाले लेनदारों की व्यावसायिक बुद्धि पर सवाल उठाने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लेनदारों की समिति (सीओसी) की व्यावसायिक समझ पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

एक बार जब सीओसी अंतिम निर्णय ले लेती है कि समाधान योजना को मंजूरी दी जाए या नहीं तो इसे अदालतों द्वारा समीक्षा का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। विशेषकर उस स्थिति में जब किसी कानूनी प्रविधान का उल्लंघन न हो। एस्सार स्टील मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि यह बहुसंख्यक लेनदारों की व्यावसायिक समझ है, जो संभावित समाधान आवेदक के साथ बातचीत के जरिये यह निर्धारित करती है कि कारपोरेट समाधान प्रक्रिया कैसे और किस तरीके से संपादित होनी है। एसआरईआई मल्टीपल्स मामले में भी शीर्ष अदालत ने कहा कि समाधान योजना सीओसी द्वारा स्वीकृत हो जाने के बाद कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं है, जब तक कि यह आईबीसी की मूल भावना के विपरीत न हो। हालांकि वास्तविकता अलग है। वीडियोकान मामले में समाधान योजना को जून 2021 में एनसीएलटी ने अनुमोदित किया, मगर यह सुप्रीम कोर्ट में अभी भी लंबित है। एसकेएस पावर जेनरेशन मामले में सीओसी ने जून 2023 में पूर्ण सहमति के साथ सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स की योजना को मंजूरी दी, फिर भी यह मामला अभी तक अनसुलझा है। ऐसी देरी से परिसंपत्तियों के मूल्य में कमी आने की आशंका होती है। इससे लेनदारों को नुकसान हो सकता है। इसके चलते भविष्य में संभावित खरीददारों को लुभाना भी मुश्किल हो जाता है और अंततः आईबीसी का उद्देश्य विफल हो जाएगा। वित्तीय मामलों की स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में देरी के कुछ चरणों की पहचान की गई है।

इसमें पहला चरण है सीआईआरपी शुरू करने के लिए आवेदन की स्वीकृति और दूसरा एनसीएलटी द्वारा समाधान योजना को मंजूरी। सीआईआरपी आरंभ करने के लिए आवेदन स्वीकार करने से जुड़ी समस्याओं की चर्चा करें तो कभी-कभी हितधारकों के बीच असहमति के कारण भी देरी होती है। कानून कहता है कि यदि सीओसी के 75 प्रतिशत या उससे अधिक सदस्य सहमत हैं तो सीओसी द्वारा समाधान की प्रक्रिया के दौरान कुछ कार्रवाई संभव है। कई बार लेनदार और अन्य हितधारक समाधान योजना पर सहमत नहीं हो पाते हैं और इससे भी प्रक्रिया में देरी हो सकती है। दिवालियापन प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों जैसे लेनदार, देनदार और संभावित खरीददार के बीच विवाद एवं अदालती लड़ाई से और भी देरी हो सकती है।

दृष्टि कोण

## खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी प्राकृतिक खेती

इस सप्ताह में दो घटनाक्रम सामने आये जिनके बारे में मुझे लगता है कि हमें मूल्यांकन करने की जरूरत है। यदि हम कड़ी जोड़ सकें, तो एक वाकया उस आपदा का संकेत देता है जिसका इंतजार है, और दूसरा दुनिया जिस बड़े संकट का सामना कर रही है, उससे निपटने के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है, जिसके आने वाले वर्षों में और भी बदतर होने की संभावना है। जबकि मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रमुख गेहूं उत्पादक यूरोपीय देश फ्रांस में भारी और लगातार बारिश के कारण फसल को बड़ा नुकसान हुआ है, नीदरलैंड के एक पत्रकार ने मुझे लिखा है कि क्या मौसम में स्पष्ट परिवर्तन किसानों के लिए आर्थिक आपदा बनने जा रहा है। उसकी चिंता हॉलैंड में, जो कुछ वह देखती है, उससे पैदा होती है, जहां बारिश रुकी नहीं है, खेत पानी से लबालब हैं, परिणामस्वरूप खेतों में लगाई आलू की फसल सड़ रही है और सब्जियों के बीज उग नहीं रहे हैं। इस बीच भारत अभूतपूर्व गर्मी की चपेट में है। जैसे-जैसे सामान्य तापमान बढ़ता जा रहा है, आशंकाएं हैं कि क्या देश आने वाले वर्षों में अपनी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा? कुछ वर्ष पहले गेहूं की कटाई के दौरान गर्मी ने कहर ढहाया था। उसके एक साल बाद, मानसून के मौसम में भी लगभग एक महीने तक बारिश नहीं हुई, धान की खड़ी फसल पर असर पड़ा। यह जानते हुए कि जलवायु परिवर्तन भविष्य में खेल बिगाड़ सकता है, सरकार अति-जागरूक हो रही है, उसने कदम उठाए हैं। इनमें गेहूं और गैर-बासमती निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना यकीनी बनाने के लिए विभिन्न कृषि वस्तुओं पर स्टॉक सीमा भी लागू करना शामिल है। जैसा कि डच पत्रकार कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन विश्वव्यापी घटना बनने जा रही है जिसके कृषि पर बेहद बड़े प्रभाव होंगे। जबकि उद्योग इसे अपनी क्लाइमेट स्मार्ट प्रौद्योगिकी बेचने के लिए उपयुक्त अवसर के रूप में देखते हैं, जिसकी वे बीते कई साल से मार्केटिंग कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया ने जलवायु के असर झेलने में समर्थ कृषि के लिए दृष्टिकोण, नीतियों और रणनीतियों पर विचार किया है। मानवता के लिए गुलबेंकियन प्रतिष्ठित पुरस्कार इस बार दो अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्राप्तकर्ताओं के साथ ही आंध्र प्रदेश समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती यानी एपीसीएमएनएफ को प्रदान किया गया है। दरअसल, यह पुरस्कार उन जलवायु कार्यों और जलवायु समाधानों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है जो उम्मीद और संभावनाओं को प्रेरित करते हैं। पुरस्कार के तहत 1 मिलियन यूरो नकद प्रदान किये जाते हैं। बीते दिनों, रायथु साधिकार संस्था (आरवाईएसएस) के कार्यकारी उपाध्यक्ष विजय कुमार ने यह पुरस्कार पुर्तगाल के लिस्बन में एक शानदार समारोह में पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल के हाथों प्राप्त किया। एपीसीएनएफ को दुनिया भर से प्राप्त 181 नामांकनों में से चुना गया था। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि उत्तरी अमेरिका में मैक्सिको से लेकर एशिया में फिलीपींस तक, और अमेरिका के टेक्सास से लेकर भारत में महाराष्ट्र तक- दुनिया के विभिन्न भागों में कृषि कड़े जलवायु प्रभावों से दो-चार है। विगत में भी, कुछ भागों में अतिवृष्टि, बाढ़, भयंकर तूफानों व चक्रवातों की बढ़ती तादाद से कृषि को नुकसान पहुंचता रहा है तो विभिन्न अन्य क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा और भीषण अकाल जैसी स्थितियां रही हैं। कहने की जरूरत नहीं कि जलवायु प्रेरित मौसम के मिजाज का खेती पर संचयी हानिकारक प्रभाव पड़ा है। जबकि किसान जलवायु का प्रकोप सहन करता है, वहीं नीति नियंता इसको नहीं मानते या इन विनाशकारी प्रभावों को कभी-कभार की घटनाओं के रूप में लेते हैं। यह ऐसा लगता है, जैसे दीर्घकाल तक चिंता करने की कोई बात ही नहीं हो। जबकि सतत कृषि के बारे में बातें की जाती रही, कृषि-पारिस्थितिकीय खेती प्रणालियों पर पिछले कुछ सालों में ध्यान गया है। यहां लगता है कि आंध्र प्रदेश में प्रोत्साहित की गयी समुदाय प्रबंधित प्राकृतिक खेती प्रणालियां विश्व में कृषि-पारिस्थितिकी की सबसे बड़ी प्रयोगशाला के रूप में सामने आयी है और परिणामस्वरूप सामने मौजूद बेहद हानिकारक जलवायु संकट का स्थाई समाधान प्रदान करती है। ऐसा भी महसूस होता है कि जलवायु संकट का यह जो कृषि-पारिस्थितिकीय समाधान प्रदान करती है वह उम्मीद और संकल्पों से भरपूर है। यह सही वक्त है कि क्षेत्र-विशेष की अनुकूलताओं को ध्यान में रखकर, आंध्र प्रदेश का यह मॉडल पूरे देश में लागू किया जाये। जैसा कि यह लेखक प्रायः कहते हैं कि जो 8 लाख किसान पूरी तरह से रासायनिक कृषि से प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की ओर रुख कर चुके हैं या करने की प्रक्रिया में हैं, वे कड़ी चुनौतियों से दो-चार होते हैं, जिन्हें प्रति वर्ष आने वाली खरीफ और रबी सीजन की रिपोर्टों में उजागर किया जा चुका है। जब हरित क्रांति आयी, तो सघन कृषि पद्धतियों को अंजाम देने के लिए एक सुनियोजित और तय इको सिस्टम था। इसमें विश्वविद्यालयों, विशेष रिसर्च संस्थानों, कृषि विस्तार नेटवर्क, और कृषि ऋण तंत्र की स्थापना करने के साथ ही यथोचित विपणन अवसर पैदा करना शामिल था। जब भी जरूरी हुआ तो सब्सिडी व निवेश का प्रवाह भी रहा। इससे भी ज्यादा मदद के रूप में, बीज विकास संरचना का सृजन और उर्वरक संयंत्र और कीटनाशक कारखानों की स्थापना करना शामिल रहा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरसुल्ला के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

❖ झारखंड सरकार कि विकास योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण- संजीव बेदिया



**उरीमारी :** गरसुल्ला पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरसुल्ला में शुक्रवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा प्राप्त 39 साइकिल का वितरण विधालय के छात्र-छात्राओं के बीच किया गया। वहीं इस साइकिल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया रहे। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड सरकार गरीब व असहाय लोगों के लिए एक से बढ़कर एक विकास योजनाओं को ला रही है। जिसमे कल्याण विभाग द्वारा झारखंड के सभी विधालय में दुर दराज से पैदल स्कूल आने वाले विधार्थियों को साइकिल दिया जा रहा है। जिससे बच्चो को स्कूल आने जाने में सहुलियत होगी। वहीं विधालय के 18 छात्र और 21 छात्राओं को साइकिल दिया गया।वहीं श्री बेदिया ने यह भी कहा कि अभी हाल ही के दिनों में सरकार ने एक और नई योजना लाई है। जिसमे झारखंड के सभी महिलाओं को बहन बेटी स्वालंबन योजना के तहत 21 से 50 वर्ष कि महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए सीधे उनके खाते में भेजेगी। झारखंड सरकार कि विकास योजनाओं का सभी ग्रामीण लाभ उठाएं। वहीं इस मौके पर प्रभारी सहायक अध्यापक अरविंद कुमार,शिक्षक ये राजेश रंजन, गीता मांझी, निर्मला कुमारी,अमर ज्योति बरवा, विधालय समिति अध्यक्ष आरती कुमारी, उपमुखिया नंदकिशोर महतो,पंसस प्रतिनिधि संतू बेदिया,उषा देवी, चांदनी देवी,आशा देवी,ललीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## गोला प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय गोला में शुक्रवार को एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहदेव कर्मकार को भावभीनी विदाई दी गई। इनके द्वारा किन्ही को शिकायत का मौका नहीं मिला इनके कार्यकाल कुल मिलाकर शानदार जानदार तथा प्रभावशाली रहा इनका कार्यकाल सभी को युग युग याद रहेगा।इस कार्यक्रम गोला प्रखंड के सारे शिक्षकों द्वारा एवं प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षकों द्वारा किया गया। था रंगारंग कार्यक्रम में बरसात को मार देते हुए बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत की गई कई शिक्षकों ने कहा कि जब से साहब रिटायर हुए तभी से ईश्वर की मर्जी से गोला में पानी की बरसात भी हो रहा है।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मदन महतो द्वारा की गई कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनूप पुष्पा तिर्की ने माला पहनाते हुए बुके देकर की। इस कार्यक्रम में शिक्षक मंगवेंद्र झा,पंकज झा, लखन राम रविदास, मधु मैडम, कादरी मैडम,सुषमा मैडम, कलावती मैडम, चंद्रदेव कर,अमित जायसवाल, रामपाल यादव,देव प्रकाश विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार नायक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षा के उत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में अंतर सदनीय एकल एवम् समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को तीन वर्गों - अति कनीय, कनीय, एवं वरीय वर्ग में विभाजित किया गया था, जिसमें द्रोण, अगस्त्य, वशिष्ठ, एवं परशुराम सदन के बच्चों ने विभिन्न गीतों पर अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने विधिवत रूप से की, जिन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य एक ऐसी कला है जो हमारे भीतर की भावनाओं को व्यक्त करने में मदद करती है।उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने एवं संस्कृति को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बच्चों के नृत्य प्रदर्शन को देखकर यह स्पष्ट था कि उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए कठिन मेहनत की है।इस प्रतियोगिता का परिणाम में अति कनीय वर्ग में अगस्त सदन की श्रेया द्रोण सदन की अलीशा एवं परशुराम सदन की ट्विंकल ने क्रमशः पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया वही कनीय वर्ग में अदिति ने पहला अगस्त सदन की अनन्या ने दूसरा एवं परशुराम सदन की अनुप्रिया एवं अदा परवीन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि वरीय वर्ग में द्रोण सदन की समीक्षा पाठक ने पहला द्रोण सदन की ही सृष्टि कुमारी ने दूसरा एवं वशिष्ठ सदन की अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका संगीत शिक्षक भोले शंकर एवं रूपम श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से निभाई।

## भारी बारिश के बीच सीसीएल सौंदा पंचायत कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सीसीएल सौंदा पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को भारी बारिश के बीच कांग्रेस पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। महिलाओं द्वारा विधायक अंबा प्रसाद के हाथों को मजबूत करने की बात कही गई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साव ने किया। वहीं सभी उपस्थित पार्टी नेतागण ने मुख्य अतिथि प्रदेश इंटक सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानिय मुखिया सह पतरातू मुखिया संघ अध्यक्ष अभय सिंह ने सभी महिलाओ को झारखण्ड सरकार की लाभकारी योजना मईया सम्मान योजना का लाभ लेने हेतु प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक के उपरांत पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से फिरोज खान को अध्यक्ष चुना गया वहीं संतोष कुमार उपाध्यक्ष, रणजीत गुप्ता सचिव, मिलन सिंह उपसचिव, राजू गिरी कोषाध्यक्ष, उपेंद्र कुमार साव मीडिया प्रभारी, स्थानीय मुखिया अभय सिंह संरक्षक, नीतू देवी महिला प्रतिनिधि, हेमंती देवी महिला संरक्षक चुने गए।मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा युवा अध्यक्ष जयंत तुरी, साहिल किस्कू,विक्रांत पांडे, बसंती देवी, मनीता देवी थे।

## अनुशासन और समर्पण से जीवन में मिलती है सफलता : प्रवीण राजगढ़िया




**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में शुक्रवार को छात्र कैबिनेट के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नए छात्र कैबिनेट में चयनित हेड ब्वॉय वैभव कश्यप साव, हेड गर्ल रोहिणी कौशल, डिप्टी हेड ब्वॉय अनिक अश, अजमेर खान, डिप्टी हेड गर्ल स्मृति टोप्पो, समृद्धि कुमारी समेत विभिन्न पदों के लिए अंशु रतन, श्रेया कुमारी, सागर पांडेय, प्रिंसी कुमारी, सुधांशु कुमार, बेबो भारती, आदर्श बर्मन, आंचल गुप्ता, आयुष कुमार सोनी, शीतल कुमारी, माही कुमारी, आदित्य कुमार, रोहित कुमार सिंह, विशाल राज, मोहित नायक को अपने कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई। शपथ के उपरांत बच्चों ने मार्च पास्ट किया और स्कूल ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यदि जीवन में अनुशासन और समर्पण की सच्ची भावना हो तो जीवन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाता है। हम सभी को अपनी जिम्मेवारी के प्रति हमेशा ईमानदार रहना चाहिए। अपनी गलतियों से सीख लेकर अपनी कमियों को दूर करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जीवन में अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता है। अनुशासन की नींव मजबूत बनाने के उद्देश्य से ही इस कैबिनेट का गठन हुआ

## 7 से 8 महीने के मरे हुवे नवजात शिशु का भुरकुंडा बैरक के नाले से शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ जिला के भुरकुंडा में लगातार हो रही रात भर के बारिश से नदी और नाले उफान पर है वहीं लोगों को जब सुबह नजर नाली पर पड़ी तो देखा कि एक नवजात शिशु जो नाली के तेज बहाव में आकर कचरा में फंसा हुआ था वहीं स्थानीय लोगों का मदद से उसे मरे हुए बच्चे को निकालकर दफन कर दिया गया। यह पुरा मामला भुरकुंडा ओपी क्षेत्र का है। इस मामले को लेकर लोगों में काफी चर्चाएं हैं कि यह मामला मानवता को शर्मसार करने वाला बताया जा रहा है

# उपायुक्त ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दो एलईडी जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**गांव-गांव जाकर लाभुकों को जागरूक करेगा रथ, 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की बहनों/ माताओं को हर महीने मिलेगी 1000 रू. की सम्मान राशि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखण्ड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाएगा । योजना का ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा दो एलईडी जागरूकता रथ को समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह समाज कल्याण पदाधिकारी सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अंतर्गत जिले की सभी सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु 03 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय कैम्प लगाये जा रहे हैं, वहीं नगर परिषद क्षेत्र में भी चिन्हित स्थानों पर कैम्प लगाया जा रहा। यह कैम्प प्रतिदिन सभी स्थानों में अगले 8 दिनों तक आयोजित होंगे। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कैम्प के सफल संचालन का निर्देश दिया गया है ताकि एक भी योग्य लाभुक आवेदन जमा करने से वंचित नहीं रह जायें। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में कैंप के माध्यम से लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया जायेगा। साथ ही सभी प्रखण्डों/पंचायतों में भी कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जायेंगे। 21 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग,आधार से जुड़ा सिंगल (एकल) बैंक खाता, जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती है, उसके पश्चात बैंक खाता को आधार से जुड़वाना जरूरी है ।मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड,झारखण्ड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार,पीला राशन कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना), गुलाबी राशन कार्ड (पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड), सफेद राशन कार्ड (K-Oil राशन कार्ड), हरा राशन कार्ड। आयकर अदा करने वाले परिवार, EPF धारी आवेदक महिला, आवेदिका स्वयं या उनके पति- केंद्र/राज्य सरकार अथवा केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित / स्थायीकर्मी/ संविदाकर्मी/ मानदेयकर्मी के रूप में नियोजित हों अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन/ पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहें हों। जिन लाभुकों को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो रहा हो, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा। जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद/ विधायक हो। आवेदिका को स्वयं कैंप स्थल पर उपस्थित होना आवश्यक होगा ताकि उनका आधार एवं फोटो सत्यापन किया जा सके ।ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। आवेदिका को रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर हर महीने मिलेगी राशि के भुगतान की जानकारी।

## लगातार दो दिन से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर लौटी खुशी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में दो दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी है। लगातार हो रहे दो दिन के बारिश से किसान अब घर छोड़ सारा दिन खेतों में धान की रोपनी करने में व्यस्त हो गए है। आपको बता दें की उधर बारिश नहीं होने के कारण किसानो द्वारा किया गया बिचड़ा बेकार व सूखने के कगार पर था। बिचड़ा को बचाने के लिए किसान जैसे तैसे पानी देकर जिंदा रखा था। इधर एक सप्ताह पूर्व हल्की बारिश होने से किसानों ने जल्दी रोपाई के लिए बिचड़े में यूरिया खाद दे दिया था जिसके कारण बिचड़ा रोपाई के लिए बिलकुल तैयार हो चुका था और बारिश नहीं होने के कारण रोपाई नही हो पा रही थी। जिसके कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई थी। आपको बता दें की झारखंड प्रदेश में ज्यादा धान का उत्पादन किया जाता है। और वो भी यह खेती मानसून पर हीं आश्रित रहते हैं किसान। यहां लोग अधिक चावल खाने में ज्यादा संतुष्टि प्राप्त करते हैं। जिसका नतीजा है की धान की खेती प्रमुखता से यहां के किसान लेते है। यदि झारखंड के किसानों को नदी नाले में जगह जगह चेकडेम रूपी बांध दिया जाय और पानी की पूर्ति किया जाय तो यहां के किसान सालो भर धान की खेती करने से नहीं चूकेंगे। हालांकि झारखंड सरकार बडी बडी चेकडेमों का निर्माण के पीछे अपना ध्यान केंद्रित अभी तक नहीं कर पाई है। वर्ना चेकडैम के माध्यम से नहरीकरण का विस्तार होगा और झारखंड के किसानों को फसल उत्पादन में कभी कमी नहीं होगी।

## मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर 2 अगस्त 2024 को 45.100 केजी अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस साभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर श्री अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, की एक सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार नंबर का जो राँची चंदवा की ओर से डालटनगंज पलामू की ओर जा रही है जिसमें अवैध रुप से मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना के जाँच सत्यापन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में टीम का गठन कर लातेहार थाना के सामने वाहन चेकिंग किया जाने लगा। समय 11.15 बजे एक सफेद रंग का स्वीफ्ट डिजायर कार आते दिखाई दिया जो पुलिस का बैरिकेटिंग को देखकर पहले ही गाड़ी रोक दिया तथा उसमें सवार व्यक्ति भागने लगे जिनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। वाहन सं0 UK07BK-0347 को जब तलाशी लिया गया तो स्वीफ्ट डिजायर कार के पिछले सीट पर एक काला रंग का बड़ा बैग एवं कार के डिक्की में 45 पैकेट रेपर में लपेटा हुआ गांजा पाया गया। जिसको इलेक्ट्रोनिक मशीन से तौलने पर कुल 45.100 चद्द. पाया गया जिनका अनुमानित कीमत 45.100×50000 = 22,55000/- रुपया है। उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। इस काण्ड में अभियुक्त सुनील कुमार, उम्र करीब 38 वर्ष, पिता-राज कुमार, राज्य उतराखंड को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी अरविन्द कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार प्रमोद कुमार सिन्हा, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी लातेहार, भागीरथ पासवान थाना प्रभारी SC/ST लातेहार, पु0अ0नि0 कृष्णपाल सिंह पवैया, लातेहार, स0अ0नि0 रविन्द्र महली, लातेहार थाना समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत शिविर का आयोजन आज से शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशिष ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त के निदेशानुसार राज्य सरकार के महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन हेतु लातेहार के शहरी निकाय क्षेत्रो में वार्ड स्तरीय 3 अगस्त से 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड संख्या 1 एवं 2 के लिए शिविर स्थल मध्य विद्यालय करकट लातेहार। वार्ड संख्या 4,5 एवं 6 के लिए शिविर स्थल सोमेश्वर विवाह मण्डप डुरुआ वार्ड संख्या 3 एवं 7 के लिए शिविर स्थल मध्य विद्यालय आश्रम लातेहार वार्ड संख्या 8,9 एवं 10 के लिए शिविर स्थल सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार वार्ड संख्या 11 एवं 15 के लिए शिविर स्थल सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार वार्ड संख्या 12,13 एवं 14 के लिए शिविर स्थल मध्य विद्यालय अम्वाटीकर लातेहार तय किया गया है। आगे उन्होंने ने आम ग्रामीण से अपील करते हुए कहा की मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत आवेदिका 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो तो महिलाओं को हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। इस योजना के लाभ के लिए कुछ दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, पासपोर्ट साईज फोटो एंव मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है।

## पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान के नेतृत्व में टंडवा कांग्रेस कमिटी का विस्तार किया गया




**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखण्ड में कांग्रेस कमिटी का विस्तार किया गया। यह कमिटी विस्तार प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी की समिक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से पंचायती राज जिला अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक प्रेम रंजन पासवान टंडवा प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, महासचिव गोविन्द पंडा, महिला प्रखंड कोषाध्यक्ष मनोज हलुवाई, गणेश गुप्ता, उपाध्यक्ष छोटू गुप्ता, राम अवतार साहु, मो कासिम, बिसुन साव, उमेश नायक, राजेश पासवान, मो इबारहीम, मो, समशेर बबलू पासवान के अलावे सैकड़ों उपस्थित हुए। प्रेमी रंजन पासवान ने झारखंड सरकार के द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे योजनाओं का समिक्षा करते हुए सभी ग्रामिणो को जानकारी दिए एवं अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

## उपायुक्त ने ऑनलाइन माध्यम से वन अधिकार अधिनियम को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** वन अधिकार अधिनियम के तहत वन पट्टा वितरण को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, डीआरडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, सभी अंचल अधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक किया। उन्होंने व्यक्तिगत एवं सामूहिक वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुमंडल और अंचल स्तर की बारी बारी से समीक्षा किया। ग्राम वन अधिकारी समिति का गठन/पुनर्गठन समेत अन्य की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा अनुमंडल स्तर पर 5 अगस्त को जिला स्तर पर 6 अगस्त को वन अधिकार समिति को लेकर बैठक किया जाना है। जिन जगहों पर ग्राम वन अधिकारी समिति का गठन/पुनर्गठन अभी तक नहीं हुआ है वहां जल्द से जल्द गठन करा लें और व्यक्तिगत व सामूहिक वनपट्टा के लिए जो आवेदन प्राप्त हुएं हैं उसका सत्यापन वन विभाग के रेंज ऑफिसर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थल निरीक्षण कर लें। आगे कहा वन पट्टा के लिए जो आवेदन प्राप्त हो रहें है और लाभुक इसकी पात्रता रखते हैं उनके बीच वनपट्टा वितरण हो इसका खास ख्याल रखा जाय और अगर प्राप्त आवेदनों में से किसी लाभुक के पात्रता पर ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा आपत्ति जाहिर की जाती है तो इसका निष्पादन भी अनुमंडल स्तर पर कर ले।

## मनिका के अंग्रेजी शराब दुकान में गोलीबारी की घटना, बाल-बाल बचे दुकानदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका के अंग्रेजी शराब दुकान में गुरुवार की रात्रि करीब 8:00 बजे अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।अपराधियों ने बाइक से आई और दुकान में दो गोली चलाई। शराब दुकानदार कृष्ण प्रसाद इस गोली कांड में बाल बाल बच गये।एक गोली शराब दुकान के गोदाम में लगी वहीं दूसरी गोली बगल के मकान जन्मजय प्रसाद के मकान में लगी है। घटना के बाद मनिका पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। हालांकि पुलिस प्रशासन के पकड़ से अपराधी बाहर है।आपको बताते चलें कि आज से लगभग 15 दिन पूर्व भी शराब दुकान में अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली चलाई गई थी।घटना के बाद शराब दुकानदार एवं शराब दुकान के अगल-बगल के रहने वाले लोग काफी भयभीत हैं। मनिका थाना प्रभारी शशिकरन ने बताया कि फिलहाल में अपराधी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है,लेकिन पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर मामले की खुलासा की जाएगी।

## आलोक चौरसिया के नेतृत्व में डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विधायक आलोक चौरसिया के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिले हैं। उनकी अथक मेहनत और समर्पण ने क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर स्थापित किए हैं, जो उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हैं। हाल ही में क्षेत्र की सड़क अवसंरचना में सुधार के लिए विधायक आलोक ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की है। सतबरवा और डाल्टनगंज सदर में विभिन्न पथ निर्माण परियोजनाओं की जानकारी दी गई है, जिनके तहत कुल 10.47 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होने जा रहा है। इन परियोजनाओं में कुल 975.75 लाख रुपये की राशि निवेश की जा रही है, जो क्षेत्र की कनेक्टिविटी को सशक्त बनाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा की सुविधा बढ़ाएगी।सतबरवा, ग्राम पंचायत पोची- हलुमाड़ देवी मंडप से केश्वर सिंह के घर तक 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क (236.471 लाख रुपये)। सतबरवा, ग्राम पंचायत दुलसुलमा- देवी मंडप से नहर होते हुए उपेन्द्र ठाकुर के घर तक 1.6 किलोमीटर सड़क (152.601 लाख रुपये)। डाल्टनगंज सदर- पुकल मुख्य पथ से लखन, बखारी स्कूल, भुसड़िया और चुकरू होते हुए कौड़िया पुल तक 4.1 किलोमीटर सड़क (387.267 लाख रुपये)। डाल्टनगंज सदर- बड़का पथल से धनधमवा, जगन सिंह के घर, स्कूल होते हुए औरंगा नदी तक 2.27 किलोमीटर सड़क (199.411 लाख रुपये)।इन विकास कार्यों से न केवल क्षेत्र की अवसंरचना में सुधार हुआ है, बल्कि स्थानीय निवासियों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार आया है।

## हेमंत सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन सात को



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार मे भाजपा महिला मोर्चा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सह कार्यक्रम के सह प्रभारी सुशीला देवी ने। बैठक मे आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सात अगस्त 2024 को लातेहार जिला मुख्यालय मे महिला विरोधी हेमंत सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन मे सैकड़ो महिलाओ को शामिल होने का आह्वान किया है।

**सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बसना या घर बनाना अब गरीबों को हुआ अभिशाप**

## लावालौंग मुख्य चौक से सिलदाग पंचायत भवन जाना खतरे से खाली नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ लावालौंग :** लावालौंग प्रखंड के सिलदाग पंचायत भवन तक जाना खतरों की खिलाड़ी से कोई कम नहीं है। यह कोई जोक नहीं हकीकत है। गढ्ढे में सड़क या सड़क में गढ्ढा बना हुआ है। हालांकि सिलदाग पंचायत के कई गांव के ग्रामीणों को गुजरना इसी रास्ते से उनका मजबूरी है। चुकी इस सड़क के अलावे अन्य कोई और सड़क है नहीं। ग्रामीणों का कहना है की हम लोगों को सुदूरवर्ती क्षेत्र सिलदाग में बसे होने का यह सजा है। हम लोगों को ना यहां बिजली है और ना सड़क है। जबकी पंचायत भवन होने के कारण इसी रास्ते बीडीओ या सीओ का आना जाना लगा रहता है।किसी भी गांव या शहर को विकसित होने के लिए बिजली पानी और सड़क की व्यवस्था मुख्य होती है। एक तरफ केंद्र सरकार डिजिटल युग का ढोल पिट रही तो वहीं हमारे यहां आज तक बिजली किसे कहते हैं हम ग्रामीणों को पता नहीं ऐसे में हम लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे हैं। एक तरफ देश आजादी का अमृतकाल मना रहा है और हम लोग आजादी के 77 वर्ष के बाद भी आदि मानव के तरह जीने को मजबूर है। हमारी गांव की सभी सड़कें कीचड़ से सना हुआ है। और हम लोगों को उसी रास्ते से आवागमन करना होता है। आपको बता दें की लावालौंग चौक से सिलदाग पंचायत भवन की दूरी महज 9 से 10 किलो मीटर है। लावालौंग चौक तक बिजली सड़क एवं अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है परंतु लावालौंग से सिलदाग जाने में पूरे रास्ते सेंचुरी जंगल पड़ता है। जहां ग्रामीणों ने किसी तरह आने जाने के लिए कच्ची सड़क उसी सेंचुरी वन विभाग से बनाया है और इसी कच्ची रास्ते से आवागमन किया जाता है। हमारे यहां स्वास्थ सुविधाएं नहीं है यदि कोई बीमार पड़ जाता है या किसी गर्भवती महिला को परेशानी होती है तो बडी मुश्किल से लावालौंग जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है की विधायक सांसद का जब जब चुनाव होता है तो उनके प्रतिनिधि आते है और हम लोगों को सब्जबाग दिखा वोट लेकर चले जाते है किंतु आज तक हम लोग उसी आदि मानव के तरह या ढिबरी युग में जीने को मजबूर है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पर हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं, राज्य योजनामद अंतर्गत संचालित योजनाओं, सांसद मद अंतर्गत संचालित योजनाओं, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रम में पाया कि कार्य पूर्ण के अनुरूप व्यय का प्रतिशत स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें अगले 10 दिनों के अंदर पूर्ण कर स्पष्ट रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सूरज प्रकाश चौधरी विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पागल कुत्ता के काटने से सात घायल

**बालूमाथ प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में पागल कुत्ता काटने से सात लोग घायल हो गए। घायलों में अजय भुइया 6 वर्ष पिता केसरी भुइया, खुशबु कुमारी 6 वर्ष पिता जोगेंद्र अगरिया, शामिमा खातून 28 वर्ष पिता मो0अबुल हसन, सारो देवी 65 वर्ष पति स्व पलटू राम, जोसपोंन सांगा 50 वर्ष स्व.मार्टिन टोप्पो, प्रियंका कुमारी 8 वर्ष पिता सागवा भुइयां,संजय भुइयां 45 वर्ष पिता श्रद्धा भुइयां सभी ग्राम मासियातु थाना बालूमाथ निवासी शामिल है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग अपने घर के बाहर खड़े थे इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने हमला बोल दिया जिससे सभी घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी एवं मगही को शामिल करने की मांग की

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई युवक ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को लिखित आवेदन देकर क्षेत्रीय भाषा में नागपुरी एवं मगही भाषा को शामिल करने की मांग की है। दिये गए आवेदन में कहा गया है कि चौकीदार चयन हेतु लातेहार जिला में जो विज्ञापन प्रकाशित किया गया है उसमें क्षेत्रीय भाषा मगही एवं नागपुरी को हटा दिया गया है। जबकि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन में नागपुरी मगही एवम जन जतीये भाषा में कुरुख असुर बेरिया को शामिल करना है ।यूवको ने आवेदन में कहा है कि इस क्षेत्र के अधिकांश लोग नागपुरी या मगही ही बोलचाल की भाषा है। और इस क्षेत्र से मगही एवं नागपुरी को हटा दिए जाने से यहां के युवके के साथ में नाइंसाफी होगी। यूवको ने मांग करते हुए क्षेत्रीय भाषा में संशोधन करने की मांग की है। मांग करने वालों में पप्पू यादव, पिंटू सिंह, रविंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, लखन यादव, प्रवीन कुमार, राहुल कुमार, समेत कई युवक शामिल है।

# उपायुक्त ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

▶ ग्रामीण क्षेत्रों के लाभुकों को जागरूक करेगा रथ, 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की बहनों/ माताओं को हर महीने मिलेगी 1000 रू. की सम्मान राशि

▶ 03 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायतों में लगेंगे शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाएगा। योजना का सभी पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार हो इस बाबत उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित थे।

**03 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायतों में लगेंगे शिविर**

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अंतर्गत जिले की सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु 03 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय कैम्प लगाये जा रहे हैं, वहीं नगर निगम में भी चिन्हित स्थानों पर कैम्प लगाया जा रहा। यह कैम्प प्रतिदिन सभी स्थानों में अगले 8 दिनों तक आयोजित होंगे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कैम्प के सफल संचालन का निर्देश दिया है, ताकि कोई भी योग्य लाभुक आवेदन जमा करने से वंचित न रहे।

**कौन होंगे योजना के लाभुक**

- झारखण्ड की निवासी।
- 21 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग
- आधार से जुड़ा सिंगल (एकल) बैंक खाता।
- जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती है, उसके पश्चात बैंक खाता को आधार से जुड़वाना जरूरी है ।
- मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड।




**झारखण्ड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार।**

- पीला राशन कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना)।
- गुलाबी राशन कार्ड (पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड)।
- सफेद राशन कार्ड (K-Oil राशन कार्ड)।
- हरा राशन कार्ड।

**इन्हें नहीं मिलेगा लाभ**

- आयकर अदा करने वाले परिवार।
- EPF धारी आवेदक महिला
- आवेदिका स्वयं या उनके पति- केंद्र/राज्य सरकार अथवा केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित / स्थायीकर्मी / संविदाकर्मी/ मानदेयकर्मी के रूप में नियोजित हों अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहें हों।
- जिन लाभुकों को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो रहा हो,उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा।
- जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद/विधायक हो।

**अन्य महत्वपूर्ण जानकारी**

- आवेदिका को स्वयं कैंप स्थल पर उपस्थित होना आवश्यक होगा ताकि उनका आधार एवं फोटो सत्यापन किया जा सके ।
- ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा ।
- आवेदिका को रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर हर महीने मिलेगी राशि के भुगतान की जानकारी ।

**नगर निगम क्षेत्र के इन वार्डो में लगेंगे शिविर**

सदर अंचल अन्तर्गत वार्ड संख्या 27 एवं 28 हेतु बिहारी गर्ल्स स्कूल में शिविर का आयोजन होगा। वहीं वार्ड 29 एव 30 के लिए अम्बेडकर मध्य विद्यालय हरि नगर, वार्ड 1 एवं 2 के लिए वार्ड विकास केन्द्र मण्डई कला, वार्ड 3 एवं 4 के लिए वार्ड विकास केन्द्र नूरा, वार्ड 20, 21 एवं 22 के लिए पशु चिकित्सालय कल्लू चौक,वार्ड 18 एवं 19 के लिए आरईओ कार्यालय इन्द्रपुरी चौक, वार्ड 5, 6, 7 एवं 8 के लिए वार्ड विकास केन्द्र दीपूगढ़ा, वार्ड 34 के लिए नव प्राथमिक विद्यालय सिरका, वार्ड 31 एवं 32 के लिए खिरगांव मोमिन स्कूल, वार्ड 9, 10, 11 एवं 12 के लिए बालक मध्य विद्यालय देवांगना चौक, वार्ड 14 एवं 17 के लिए अन्नदा स्कूल एवं वार्ड 25 एवं 26 के लिए राजकीय मध्य विद्यालय कुम्हार टोली पारनाला में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं कटकमदाग अंचल अन्तर्गत वार्ड संख्या 23 के लिए प्राथमिक मध्य विद्यालय नयाटांड कदमा, वार्ड 24 के लिए आयुष्मान वेलनेस सेंटर कूद एवं वार्ड 25 के लिए राजकीय मध्य विद्यालय सिरसी में शिविर का आयोजन कर झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से योग्य लाभूकों को जोड़ा जाएगा।

## बड़कागांव प्रखण्ड के प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर मे रुद्राभिषेक अनुष्ठान संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** महुदी पहाड़ स्थित प्रसिद्ध प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर मे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उनके धर्मपत्नी डॉ. रेखा चौधरी और उनके छोटे सुपुत्र ऋत्विक चौधरी ने पूरे विधि विधान से रुद्राभिषेक कर समूचे बड़कागांव के लिए सुःख समृद्धि और शांति की कामना बाबा बुढ़वा महादेव से की। उनके रुद्राभिषेक अनुष्ठान को पांच विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराया गया। मौके पर आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर एक घर में सुख शांति और समृद्धि दे और यहां के लोगों के उन्नति के लिए अपना आशीर्वाद बनाए रखें ताकि हम बड़कागांव वासी लगातार विकास की ओर बढ़ते रहें। मौके पर केंद्रीय सचिव सह मुखिया अनिकेत कुमार, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, बालेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, प्रखंड सह सचिव घनश्याम दांगी, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, पंसस प्रतिनिधि सहेश कुमार, पंकज कुमार, मेवा नाग, कविता देवी, प्रीति कुशवाहा, दुर्गा कुमारी, माधुरी कुमारी, दीपक दीन्हा, संजय महतो, राजू कुमार, पुरोहित आशीष पांडे, छोटू पांडे, अतुल पांडे ,मनीष पांडे द्वारा रुद्राभिषेक अनुष्ठान सम्पन्न कराया ।

## बरही से संस्कार बम का जत्था देवघर के लिए हुआ रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को बरही से संस्कार बम का जत्था देवघर के लिए रवाना हुवा। सबसे पहले संस्कार बम के लोगो ने बरही शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया, उसके बाद बोल बम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुवे देवघर के लिए रवाना हुवा। मौके पर संस्कार बम के श्रद्धालुओ ने बताया की सुल्तानगंज से जल उठाने के बाद पैदल यात्रा कर देवघर में जाना है, जहा बाबा भोलेनाथ पर संस्कार बम के सभी श्रद्धालु जल चढ़ाने के बाद बासुकीनाथ में भी जल चढ़ाएंगे। संस्कार बम में मोनू राणा, प्रवीण गुप्ता, कुंदन राणा, नागेंद्र साहू, पप्पू राणा, टिंकू साहू आदि शामिल है।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सफल संचालन को लेकर बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** झारखंड सरकार समाज कल्याण सह सामाजिक सुरक्षा के आदेशानुसार दारू प्रखंड सभागार कक्ष में बैठक की गई! बैठक में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना सुचारू रूप से संचालन क्रियान्वयन एवं आवेदन पत्र की आपूर्ति एवं वितरण संबंधी समीक्षा की गई! बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद ने किया! इस बैठक में दारू प्रखंड के प्रमुख कुमारी स्वेता एंव सभी मुखिया एवं पंचायत समिति आंगनबाड़ी सेविका, बीएलओ , प्रज्ञा केंद्र संचालक के अलावा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे! ज्ञात हो कि इस योजना में 21 साल से 50 साल की महिलाओं को प्रत्येक महीना एक हजार सम्मान राशि दिया जाएगा! तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद ने जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे सभी सुचारू रूप से क्रियान्वयन करें और अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाएं! सरकार के निर्देशों के जानकारी दी गई! साथ ही सभी सेविका को केंद्र वार 100 फार्म उपलब्ध कराया गया! सभी सेविका योग्य लाभुकों के घर घर जाकर 01 अगस्त से 02 अगस्त तक फार्म का वितरण करेंगी, 03 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत भवन मे शिविर आयोजित क़र आवेदन प्राप्त किये जाएंगे !शिविर के बाद भी आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी!

## बरही के विभिन्न कोचिंग शिक्षण संस्थान का बीडीओ व सीओ ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर शुक्रवार को बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार और सीओ रामनारायण खलखो ने बरही में संचालित कोचिंग सेंटरों की जांच पड़ताल की। सभी कोचिंग संस्थान बिना सुरक्षा मानक के चलाए जा रहे हैं। बीडीओ और सीओ ने जांच के क्रम में पाया कि कई कोचिंग सेंटर बिना रेलिंग के संकरे गलियारे और छोटे कमरे में चलाए जा रहे हैं, जिसमें छात्र छात्राओं की संख्या बैठने की क्षमता से अधिक है। किसी कोचिंग सेंटर में जो बुनियादी सुविधा होनी चाहिए वह नहीं है। अग्निशमन उपस्कर किसी में नहीं पाया गया। बीडीओ और सीओ ने बरही के हजारीबाग रोड स्थित कोचिंग संस्थान आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, कामर्स एंड साइंस, यूनिवर्सल एकेडमी, वेक्टर क्लासेज, सॉफ्टेक आरसीएस एम, दी साइंस एकेडमी, कुरुक्षेत्र क्लासेज और इंपेक्ट एजुकेशन प्वाइंट की जांच पड़ताल की। वहीं धनबाद रोड स्थित अमेरिकन एकेडमी, एचिवर्स क्लासेज, लक्ष्य कंपेटिटव कोचिंग सेंटर और इंपेक्ट एजुकेशन प्वाइंट की जांच की। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार और सीओ रामनारायण खलखो ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को भेज दिया है।

## कोचिंग संस्थानों में मानकों की जाँच को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया

❍ उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच दल द्वारा शहरी क्षेत्र तथा सभी प्रखंडों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में किया गया जांच

❍ जांच के उपरांत गठित टीम ने उपायुक्त को सौंपी विस्तृत जांच रिपोर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में संचालित विभिन्न शिक्षण कोचिंग संस्थानों में आवश्यक मानकों यथा अग्नि सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास द्वार,वेंटिलेशन, बिजली की व्यवस्था की जांच के लिए उपायुक्त के द्वारा छह सदस्यीय जांच दल गठित की गई है। जांच दल में सीओ सदर, बीडीओ सदर, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला अग्निशाम पदाधिकारी एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी है ने आज गुरुवार को भू अर्जन पदाधिकारी के नेतृत्व में हजारीबाग के शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास की स्थिति, छात्रों की बैठने की क्षमता एवं वर्तमान स्थिति, वैसे बहुमंजलीय भवन जिसके भू तल पर कोचिंग संस्थान संचालित है आदि की गहन एवं सुक्ष्मता से जांच गठित दल के सदस्यों द्वारा की गई।

**इन कोचिंग संस्थानों का किया गया औचक निरीक्षण**

जांच दल ने चाणक्य आईएएस अकैडमी कौशल्या प्लाजा, रामकृष्ण आईएएस एकेडमी मटवारी, सफलता एक्सप्रेस बाबूगांव,चंदन मैथमेटिक्स बाबू गांव चौक, स्मार्ट फिजिक्स क्लासेस बाबू गांव चौक, गुडविल कोचिंग सेंटर ऑफ़ कॉमर्स बाबू गांव चौक, गुरुकुल कंप्यूटर एजुकेशन कोर्रा,श्री राम इन्फोटेक (लाइब्रेरी) कोर्रा,एंजेल इंग्लिश क्लासेस कोर्रा, एस्पिरेंट फिजिक्स मटवारी, वेद आई.टी टेक कंप्यूटर इंस्टिट्यूट बाबू गांव एवं डींकी फिजिक्स क्लासेस बाबू गांव समेत कुल 12 कोचिंग संस्थानों तथा सभी प्रखंडों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उपरोक्त वर्णित बिंदुओ को लेकर जांच की गई।

जांच के क्रम में यह पाया गया कि इन सभी संस्थान सुरक्षा मानकों को पूर्ण नहीं करते है। उपायुक्त ने कहा है कि वैसे कोचिंग संस्थान जो सुरक्षा के सभी शर्तों को पूरा नहीं करते है, उन्हें कोचिंग चलाने की अनुमति नहीं दिया जा सकता है। उपायुक्त ने वैसे सभी संस्थानों को सुरक्षा के सभी मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

## फाइलेरिया रोधी दवाएं खाने के बाद मितली आना, चक्कर आना होते हैं शुभ संकेत : डॉ. बीरेन्द्र कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड को जल्दी ही फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जा रहें हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जाने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ- साथ सामुदायिक सहभागिता और मीडिया सहयोगियों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को सिविल सर्जन कांफ्रेंस हाल, सदर अस्पताल, हजारीबाग में चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड एवं ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटेजीज संस्था द्वारा अन्य सहयोगी संस्थाओं, विश्व स्वास्थ्य संगठन, पीरामल स्वास्थ्य, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल के साथ समन्वय बनाते हुए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, भी.बी.डी. डॉ. बीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 10 अगस्त से राज्य के फाइलेरिया प्रभावित 9 जिलों दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला- खरसावाँ में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। इसमें तीन दवा यानी डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन के साथ यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस हेतु जिलों में 1 करोड़ 27 लाख जन समुदाय को बूथ और घर- घर जाकर दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु चिकित्सक के नेतृत्व में रैपिड रेस्पान्स टीमों का भी गठन किया गया हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में खिलाई जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

**10 अगस्त से लोगों को खिलाई जायेंगी फाइलेरिया रोधी दवाएं**



इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर, सभी को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन स्वास्थ्य कर्मियों के सामने करना है। यह दवायें खाली पेट नहीं खानी हैं। कभी- कभी इन दवाओं को खाने के बाद मितली आना, चक्कर आना जैसे लक्षण पैदा होते हैं लेकिन इसका यह मतलब होता है कि उनके शरीर में फाइलेरिया के परजीवी हैं। हमें इसे शुभ संकेत की तरह लेना चाहिये, क्योंकि इससे यह मालूम हो गया कि दवा खाने के बाद शरीर में मौजूद फ़ाइलेरिया के परजीवी मर रहें हैं। इसीलिए हम सभी को यह फाइलेरिया रोधी दवायें अवश्य खानी चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास कर रहें हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित जिले के सिविल सर्जन डॉ. एस. पी. सिंह ने बताया कि हजारीबाग, फाइलेरिया मुक्त झारखण्ड के लक्ष्य को पाने के लिए राज्य के दिशा- निर्देशानुसार जिला स्तर से ब्लाक स्तर तक गाँव के अंतिम छोर की आबादी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को फाइलेरिया का खतरा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक पॉल ने बताया कि किसी भी आयु वर्ग में होने वाला फाइलेरिया संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है।

फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे- हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों में सूजन) और दूधिया सफेद पेशाब (काईलूरिया) से ग्रसित लोगों को भीषण दर्द, और सामाजिक भेदभाव भी सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है ।

इस कार्यशाला में राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ ही वर्चुअल रूप से जुड़े हुए जिला स्तरीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पदाधिकारी, स्थानीय मीडिया सहयोगियों, पीरामल स्वास्थ्य, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज संस्था, प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### लोकसभा में मनीष जायसवाल का शिक्षा व्यवस्था पर हमला



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के मौजूदा हालात और पारा शिक्षकों के मामले को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार की लोकसभा में बड़े ही बेबाकी से उठाया। उन्होंने कहा की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की झारखंड सरकार राज्य में शिक्षा को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी बात बेबाकी से रखते हुए कहा की पहले पारा शिक्षकों को वोट लेने के लिए झूठे वादे करके ठगा गया, और अब जब वे अपनी हक व अधिकार की बात कर रहे हैं तो उन्हें लाठियां मारी जा रही है और उन पर सरकार आंसू गैस छोड़ रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी बताया की सरकारी स्कूलों के नाम को उर्दू स्कूल किया जा रहा है और रविवार की जगह झारखंड के स्कूलों में छुट्टियां शुक्रवार को की जा रही है। यहां के स्कूलों के मुख्य द्वार पर चारमीनार का निर्माण कर दिया जा रहा है ।

### संसद की प्राक्कलन समिति के लिए मनीष जायसवाल का नाम हुआ नामित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति (2024-25) के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को सदस्य के रूप में नामित किया गया। इस समिति में कुल 30 सदस्य होते हैं जिसमें सभी को लोकसभा से नामित किया जाता है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की मुझे लोकसभा क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण समिति के लिए नामित किया गया इसके लिए अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया और उन्हें धन्यवाद दिया । इधर सांसद मनीष जायसवाल को संसद की प्राक्कलन समिति के लिए सदस्य के रूप में नामित किए जाने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता, एनडीए कार्यकर्ता और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर हैं। क्षेत्र वासी बड़ी संख्या में अपने सांसद मनीष जायसवाल को विभिन्न माध्यमों से बधाई और शुभकामनाएं दे रहें हैं ।

### अज्ञात व्यक्ति का शव हुआ बरामद

**हज़ारीबाग़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग थाना अंतर्गत बेंदी स्थित पेट्रोल पंप के बगल में शुक्रवार को एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया . वहीं शव मिलने से बेदी गांव के आसपास सनसनी फैल गई. बताया जा रहा है कि सुबह खेती करने जा रहे एक किसान की नजर शव पर पड़ी. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है साथ ही शव किसका है इसकी भी शिनाख्त की जा रही है।

### मां अष्टभुजी फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2024 संपन्न



**केरेडारी :** प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कंडाबेर के आहरा मैदान में 2024 मां अष्टभूजी फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 18 जूलाई को शुरुआत की गई थीं। वही खेल को आगे बढ़ाते हुवे फाइनल मैच दिन गुरुवार देर शाम को संपन्न किया गया। समापन समारोह मे पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्मला देवी शामिल हुई। फाइनल मैच मे खेल रोमांचक रहा। हजारों की संख्या में खेल प्रेमी खेल का आनंद लिये। फाइनल मैच बादम बनाम केरीगढ़ा के बीच खेला गया। जिसमे 0 -1 गोल से केरीगढ़ा टीम जीत कर प्रथम स्थान घोषित किया गया। एवं बादम द्वितीय स्थान में रहा। आयोजनकर्ता मां अष्टभुजी टूर्नामेंट के अध्यक्ष सह संयोजक कंडाबेर पंचायत मुखिया दिनेश साव, टूर्नामेंट मैच प्रभारी उदय कुमार मुकेश कुमार राहुल कुमार, कप्तान सुजीत मंडल के द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण में खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मला देवी के हाथों मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक निर्मला देवी, कंडाबेर पंचायत मुखिया दिनेश साव, शिक्षक सुजीत कुमार मंडल महेश पाठक, पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सुरेश राम, चौलेश्वर साव, टूर्नामेंट प्रभारी मुकेश साव, उदय कुमार, राहुल कुमार, बीरबल कुमार बिहारी साव, जिबु तुरी, उमेश रजक, नरेश साव मोहम्मद तूफानी योगेश्वर प्रजापति सहित तमाम खेल प्रेमी एवं ग्रामीण सज्जन आदि खेल की शोभा बढ़ाने एवं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने में सहयोग के लिए उपस्थित थे। सभी अतिथियों का मैच समाप्ति के उपरांत खेल प्रेमियों के लिए संबोधन उत्साहवर्धक रहा। इस मैच के सभी स्पोर्ट टीम कंडाबेर के द्वारा खिलाड़ियों को सफल सहयोग के लिए धन्यवाद व उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के द्वारा मांडू में दिव्यांगो के लिए विशेष कैंप का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान मे एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में 45 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत शुक्रवार को रामगढ़ के मांडू प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में दिव्यांगो के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा नामित डॉक्टरों की टीम में ,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल बरेलिया, डॉक्टर दिलीप कुमार सर्जन, मांडू, और चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विकास कुमार द्वारा दिव्यांगो की जांच की गई। जिसमें से 28 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया, उसमे से 18 को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया गया। और बाकी को जांच के लिए रेफर किया गया। इस कैंप में डालसा सचिव अनिल कुमार भी मौजूद थे। इस कैंप में उपस्थित हॉस्पिटल स्टॉफ एवं उपस्थित पी0एल0वी0 आशीष कुमार एवं संतोष कुमार पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बड़कागांव से भुरकुंडा जा रहे बोलेरो गाड़ी गढ्ढे में गिरी



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव से भुरकुंडा जा रही एक बोलेरो गाड़ी शुक्रवार कि सुबह सयाल-सौंदा बस्ती के मुख्य सड़क सयाल टीना साइड में सड़क किनारे जा फसी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन के चालक को सड़क का अनुमान ना होने के कारण गाडी को सडक के किनारे से निकालने के क्रम में गाडी को गढ्ढे में फसा दिया। जिससे गाड़ी बाई ओर पुरी तरह झुक गया। गाडी के बाई ओर के दोनों टायर फंस गया। जिसे बाद में ट्रेक्टर के द्वारा टोचन कर खिचवाया गया। बता दें कि बड़कागांव से विद्यार्थियों से भरी बोलेरो गाड़ी भुरकुंडा के किसी एग्जाम सेंटर जा रहा था।

## रामगढ़ में आईएसएम खोलने की मांग को सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में उठाया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पहली बार सांसद चुने गए हैं लेकिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जन भावना का बखूबी ख्याल रखते हुए उन्होंने लोकसभा के पहले सत्र में ही जनहित से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दे को मुखरता से उठाकर क्षेत्र की जनता का दिल जीत रहें हैं। शुक्रवार को लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान जब उन्होंने सदन पटल पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग करते हुए कहा की रामगढ़ में इंडियन स्कूल ऑफ़ माइंस (आईएसएम) खोलें जाय ताकि इस क्षेत्र का भविष्य संवर सकें। इस संबंध में सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटेल से कहा कि मैं कोयलांचल क्षेत्र से आता हूं और हमारे यहां मां छिन्नमस्तिका का प्रभाव है। हमारे यहां बहुत सारे कोल माइंस संचालित हैं ऐसे में रामगढ़ क्षेत्र में अगर एक आईएसएम संचालित हो जाता तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र की देशभर में एक अलग पहचान होती ।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में बच्चों के बीच 200 पौधे बांटे गए



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल,रामगढ़ में 27 जुलाई से चल रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम को लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि चंदन कुमार वत्स (जेपीएससी) डीएसपी के द्वारा बच्चों में पौधों को बांटा गया।कार्यक्रम में आए अतिथि चंदन कुमार वत्स ने अपने हाथों से बच्चों में 200 पौधों को बांटा। उन्होंने कहा कि यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है।इस पृथ्वी को पूर्ण रूप से हरा- भरा रखना है तो हमें अधिक मात्रा में पेड़ लगाना होगा, पेड़ों को कटने से बचाए। उन्होंने विद्यालय के बच्चों के द्वारा गाए गए स्वागत गीत तथा भाषण की प्रशंसा की और पर्यावरण के बारे में बच्चों को बताया कि हमें अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाने हैं। जिस प्रकार हम अपने मां से प्रेम करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी प्रकृति मां से भी प्रेम करना चाहिए।उसकी रक्षा करना,देखभाल करना हम सब का कर्तव्य बनता है।उन्होंने कहा कि खाली पड़े स्थानों पर पेड़ लगाए,पेड़ों को कटने से रोकें,लोगों को इस विषय में जागरूक करें,अपने मित्रों तथा संबंधियों को उनके जन्मदिवस पर छोटे पौधे उपहार स्वरूप दें ,ताकि वे उन्हें लगाएँ,लगे हुए पेड़-पौधों का रख-रखाव करें ताकि वे पानी या किसी अन्य कारण से नष्ट न हो जाएँ।पेड़ों को मरने से बचाने के लिए गमले में संतुलित मात्रा में खाद देनी चाहिए। कुछ लोग पौधे को जल्दी बड़ा करने के लिए ज़्यादा खाद देते हैं और चूँकि पौधे की जड़ें गमले में ज़्यादा दूर तक नहीं जाती हैं, इसलिए पौधे मरने लगते हैं ।गमले में खाद पौधे के बढ़ने के साथ-साथ थोड़ी मात्रा में देनी चाहिए।इसअवसर पर कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परंदीप सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा मौजूद थे।

## झूठ की बुनियाद पर है हेमंत सरकार : पंकज महतो



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को झारखंड लोकतंत्रितक क्रांतिकारी मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता युवा नेता सूरज चंद्रवंसी व संचालन अमित गुप्ता ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता पंकज महतो थे सभी नए सदस्यों को माला पहनकर स्वागत किया और कहा कि झारखंड बने 24 वर्ष हो गए पर खनिज संपदा से भरपूर अमीर राज्य होते हुए भी यहां की अधिकांश जनता गरीब है जो अपनी मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं पानी, सड़क, शिक्षा ,वृद्धा पेंशन , विधवा पेंशन,राशन कार्ड बनवाने सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे है नगरपरिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है सभी सरकारी योजनाओं में लूट खसोट है जितनी भी योजना नगर परिषद द्वारा करवाया जाता है सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है इसे पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक ममता देवी ने चुनाव के समय सिर्फ आश्वासन दिया गया जुड़ने वाले नए सदस्य राहुल कुमार, सोनू कुमार, रोहित पासवान ,आर्यन राज ,आशीष राज ,सुजल कुमार, कुणाल, लकी कुमार, राजा कुमार, मिथुन महतो ,सागर रजक, आशीष कुमार ,मनोज कुमार, मोनू कुमार ,अंकित गुप्ता, धीरज कुमार ,गोपाल महतो आदि मोके पर कौलेश्वर कुशवाहा,राजूल अंसारी,विजय दुबे आदि थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा संख्या : TRD-OT-06-AMC-132 KV-24-25. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि – (36) छत्तीस माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹64,40,393.63, निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य। 3. बीड सिक्युरिटि : ₹1,28,900/–. 4. ई–निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 22.08.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 22.08.2024 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./ पूमरे/धनबाद

पीआर/00817/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32


## रामगढ़ में 22 वां तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक का कार्यालय सभागार, रामगढ़ में 22 वां तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन समारोह का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथी सुनिल भास्कर (भा0पु0 से0), पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग द्वारा किया गया। इस मीट में अजय कुमार (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, संतोष सुधाकर, सहायक निदेशक ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची, डॉ आदित्य विक्रम गौंड, सहायक निदेशक राजनीति विज्ञान प्रयोगशाला झारखंड रांची, संदीप कुमार वैज्ञानिक सहायक राजनीति विज्ञान प्रयोगशाला झारखंड रांची, असीत कुमार मोदी, पुलिस निरीक्षक अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय झारखंड रांची, दिलीप कुमार महतो, फोटो ब्यूरो अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची, एतवा उरांव स्वान दस्ता अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड रांची, जिले के पुलिस उपाधीक्षक (मु0), चन्दन कुमार वत्स,अनु0पु0पदा0 रामगढ़, परमेश्वर प्रसाद, अनु0पु0पदा0 पतरातू, बिरेन्द्र राम, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0), फौजान अहमद, प्रचारी प्रवर, गंटू यादव, पुलिस निरीक्षक सह अंचल अधिकारी माण्डू सुरेश लिण्डा, सर्जेंट रामगढ़, सन्त्री कच्छप, मीडिया सेल प्रभारी पु0अ0नि0 उपेन्द्र कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस आयोजन में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमण्डल के रामगढ़, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा एवं चतरा जिला से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन में सी0आई0डी0, एफ0एस0एल0 के टीम के द्वारा भाग लेने वाले प्रतिभागी पुलिस टीम का अलग-अलग विषयों का परीक्षा लिया गया जिसका परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस पुलिस ड्यूटि मीट मे ओवर आल रेंज चैंपियन पु0अ0नि0 अभिषेक प्रताप, रामगढ़, द्वितीय स्थान पु0अ0नि0 अनुपम प्रकाश हजारीबाग, ओवरऑल चैंपियन जिला में रामगढ़ एवं द्वितीय स्थान जिला में हजारीबाग को सम्मानित किया गया।

## डाड़ी कनकी मुख्य पथ पर बन रहे डायवर्सन पुल के बहने से बड़ी आबादी प्रभावित : पुरूषोत्तम पाण्डेय



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाडी कनकी मुख्य मार्ग में बन रहे पुल के बगल में बने डायवर्शन बरसात के वजह से बह गया इसकी सूचना मिलते ही भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय स्थल पर पहुंचे और उपस्थित स्थानीय भाजपा नेताओं खेमलाल यादव, महेंद्र साव, बलदेव साव के साथ स्तिथि का अवलोकन किया।इस परिस्थिति को देखते हुए भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा की झारखंड सरकार जो अपराधियों की सरकार है, माफियों की सरकार है ये पुल अपराधियों के आतंक के कारण समय पर नहीं बन सका और रुका पड़ा है, सवेदक का कहना है की अपराधी रंगदारी के रूप में मोटी राशि मांग रहे है और प्रशासन में कोई सुनने वाला नहीं है इस कारण बरसात से पहले कार्य संपन्न नही हो पाया।श्री पांडेय ने कहा की अब बरसात के पानी के वजह से बगल का डायवर्शन भी बह गया जिस वजह से डाडी प्रखंड के आधे हिस्से के लोग एक दूसरे से कट गए, कनकी, रबोध, बालसागरा के बच्चो की पढ़ाई भी बाधित हो गई है क्योंकि स्कूल बस का पार होना संभव नहीं है ज्ञात हो की गिद्दीसी नयामोड रोड जर्जर होने से आज ये मार्ग, गिद्दी भुरकुंडा पतरातु से हजारीबाग जाने वालो का मुख्य मार्ग बन गया था इस मार्ग के बाधित होने से लाखो लोग प्रभावित होंगे।श्री पांडेय ने कहा की इसकी सूचना प्रशासन के अधिकारियों एवम सांसद को दे दी गई है लेकिन यदि जल्द से जल्द सरकार में बैठे लोगो और प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है तो भाजपा रोड पे उतरने का काम करेगी।

## प्रत्येक मंगलवार को उरीमारी ओपी में मनेगा थाना दिवस : ओपी प्रभारी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुशार उरीमारी ओपी में अब प्रत्येक मंगलवार को ओपी परिसर में थाना दिवस मनाया जाएगा। जिसमे जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों कि समस्याओं को दूर किया जाएगा। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि इस थाना दिवस में जमीन से संबंधित विवाद मामले का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं ओपी प्रभारी ने उरीमारी के सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण प्रत्येक मंगलवार को सुबह दस बजे से कार्यक्रम में जरूर से जरूर पहुंचे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**

AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT

(CO-OPERATIVE DIVISION)

OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI

INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Very Short e-Tender Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/16/RE-2/2024-25 DATE:- 01.08.2024

| SL No. | | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Lamps Of Districts East Singhbhum (Jamshedpur) | 29 | 10,18,33,500.00 | 10,000.00 | 10,18,400.00 | 12 Months |
| | (B) | Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Pacs Of Districts Godda & Sahebganj. | 43 | 15,09,94,500.00 | 10,000.00 | 15,10,000.00 | |
| 02. | Date Of Publication of on Website | | 05.08.2024 AT 11:00 AM | | | | |
| 03. | Last Date & Time of Submission of bids | | 13.08.2024 AT 05:00 PM | | | | |
| 04. | Name & Address of Office Inviting Tender | | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 05. | Contact No of Procurement Officer | | 7979760612, 7250895727 | | | | |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://Jharkhandtenders.gov.in from 05.08.2024 at 11:00 AM to 13.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http://Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 13.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 14.08.2024.

03. Estimate Cost May Vary.

04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/- State monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi

PR 331649 Co-opretive(24-25)D



**उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**

(विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com Phone No. 06524-222209Fax No. 06524-222209

पत्रांक xxx/07/2023/............(ii)/वि0गुमला, दिनांक.........वीं अगस्त 2024

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक 593 दिनांक 25.07.2024 से जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, गुमला अंतर्गत कार्य का नाम:– आंकाक्षी प्रखण्ड डुमरी में सेनेटरी नैपकीन उत्पादन मशीन (युनिट–01) का अधिष्ठापन कार्य हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कंपनी/फर्म/ पार्टनरशिप/ गैर सरकारी संगठन से Gem- Portal के माध्यम से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की गई है।

| कम सं0 | विवरण | डिटेल्स |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 27.07.2024 |
| 02 | निविदा बंद होने की तिथि/समय | 06.08.2024 15:00:00 |
| 03 | निविदा खुलने की तिथि/समय | 06.08.2024 15:30:00 |
| 04 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | उपायुक्त का कार्यालय, जिला विकास शाखा, गुमला। |

सामग्रियों का विवरण एवं विशिष्टताएं निम्नवत् हैं:–

**Sanitary Napkin Production Unit Items to be Purchased**

| S.No. | Name of Items | Unit | Specification |
|---|---|---|---|
| 01 | Automatic Sanitary Napkin Making Machine with Ultra violet sterilizer 3KVA stabilizer | 01 | **Name of Equipment: Automatic Sanitary napkin making machine** Technical specification of the machine • Complete ultrasonic with Roller stand • UV Sterilizer cabinet • Machine type: Automatic • Best speed: 40-60 or more pads per minute • Voltage: 220 v • Motor Power: 2KW • Phase: Single |
| 02 | Hand sealing machine | 01 | Hand sealing machine |

**Raw Materials:- (2 months)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Air laid paper 150GSM width 70 mm | 100Kg | **Specification of raw material** All raw material required for manufacturing of good quality ultra-thin sanitary pads. All material used shall be free from lumps, oil spots, dirt or foreign material. |
| 02 | Gel sheet 150GSM width 70 mm | 100Kg | |
| 03 | Tape paper | 100Kg | |
| 04 | Hydrophilic non-woven 25GSM width 175 mm | 100Kg | |
| 05 | Hydrophilic Back sheet 70 GSM width 175 mm | 100Kg | |

| Additional Equipment reqd. | Additional Equipment reqd. | No. of Units |
|---|---|---|
| | 1. Hand Gloves (sweat free) | 100 pieces |
| | 2. Plastic caps | 100 piece |
| | 3. Disposable Masks | 50 pieces |
| | 4. Liquid Hand wash | 15 units |
| | 5. Dress/ Uniform | 10 units |

नोट:– निविदा के नियम एवं शर्तें GEM Portal तथा जिले के अधिकारिक वेब–साईट, www.gumla.nic.in के वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

PR 331670 Rural Development(24-25)D उपायुक्त, गुमला।


## डीसी, सीईओ व सब्जी विक्रेताओं का सकारात्मक पहल रंग लाया : धनंजय कुमार पुटूस

### खुदरा सब्जी विक्रेताओं से मिले पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ फुटबॉल मैदान के बाहर लगने वाले सब्जी मंडी को पुनः नये बस स्टैंड स्थित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कर दिया गया है। लगभग दो वर्षो से खुदरा सब्जी विक्रेताओं अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे।जिसका समर्थन रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस भी कर रहे थे। पुनः सब्जी मंडी लगने के उपरांत शुक्रवार को धनंजय कुमार पुटूस ने अपने समर्थकों के साथ वेंडिंग जोन पहुंचकर खुदरा सब्जी विक्रेताओं को बधाई दिया।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि खुदरा सब्जी विक्रेता अपनी जायज मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे थे, जिसका खुदरा सब्जी विक्रेता संघ के साथ रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति समर्थन कर रही थी।इस मामले पर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार व छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश व खुदरा सब्जी विक्रेताओं का सकारात्मक प्रयास रंग लाया और पुनः वेंडिंग जोन में खुदरा सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगा रहे हैं।आज जो सफलता मिली है उसमें नीरज मंडल,संजय बनारसी,संजय कश्यप,नंदू जमीदार के साथ रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों का अहम योगदान है।वेंडिंग जोन का मुआयना करने के क्रम ये महसूस हुआ है कि अभी भी यहाँ कुछ कमियां है जिसे संबंधित अधिकारियों से बात कर इसका समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

## शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करने वाले शाहिद शक्ति नाथ महतो की जयंती मनाई गई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के द्वारा शुक्रवार को शहीद शक्तिनाथ महतो जयंती टीआईएलए इंस्टीट्यूट, भारत माता चौक कैथा, रामगढ़ मे मनाया गया। झारखंड के जुझारू नेता थे शक्ति नाथ महतो । शाहिद शक्ति नाथ महतो झारखंड अलग राज्य के प्रबल समर्थक भी थे।और वंचित समाज के हित चिंतक थे ।उन्होंने दमनकारी नीति, अन्याय करने वालों एवं माफियाओं , सुदखोरों के खिलाफ जबर्दस्त संघर्ष किया था । उनके अंदर माफियाओं , महाजनों सूदखोरों के खिलाफ अंदर ही अंदर ज्वाला धड़कते थी। शाहिद शक्ति नाथ महतो का जन्म 2 अगस्त 1948 को तेतुलमुड़ी बस्ती में एक किसान परिवार में हुआ था । कुमारधुबी में फिटर ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त कर मुनिडीह प्रोजेक्ट में योगदान दिया। कोलियरी क्षेत्र में मजदूरों को सुदखोरो के चंगुल से आजाद कराने तथा न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए शक्ति नाथ महतो ने आंदोलन का बिगुल फूंका। इसी बीच वह विनोद बिहारी महतो के संपर्क में आए और 21 जनवरी 1971 को शिवाजी समाज को योगता थाना कमेटी का गठन किया। शक्ति को मंत्री बनाया गया। उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा उन्मूलन के खिलाफ मुहिम छेड़ दी। समाज के लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य रात्रि पाठशाला का शुभारंभ किया।


e-Procurement Cell

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

BUILDING DIVISION GUMLA

**Very Short Notice Tender Inviting**

Tender Reference No.-04BCD/GUMLA/2024-25

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **HADUP IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 2 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **BETHATH IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 3 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **SALAM NAWATOLI IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 4 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **JALIM IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 5 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **RANGE TUSHRUKONA IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 6 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **JUDWANI IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 7 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **JAMTI IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 8 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **KECHKI IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 9 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **SALGI IN GHAGHRA** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| 10 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **KARAMDON IN DUMRI** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.08.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 16.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 17.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Gumla

PR 331663 Building (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या 09/2024–25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 12.08.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 14.08.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 14.08.2024 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :– | TSP मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सिसई | सिसई | सिसई मदरसा रोड आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2 | सिसई | सिसई | सिसई टंगराटोली 02 रोड आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 3 | भरनो | भरनो | गुलैची टोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 4 | भरनो | भरनो | कुम्हरो–2 आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 5 | भरनो | भरनो | मदनपूर–2 आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 6 | डुमरी | जरडा | तिलहैटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 7 | डुमरी | जरडा | हरिहरपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 8 | डुमरी | गोविन्दपुर | यदुनाथपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 9 | बसिया | बनई | बोंडकेरा बरटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 10 | बसिया | कलिगा | कोयनारटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 11 | बसिया | पंथा | पंथा बंडाटोली आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 12 | कामडारा | रेड़वा | नरसिंहपुर खास आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण | 11,08,200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 06 माह |

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–
   1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
   2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
   3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 331681 (Rural Development)24-25*D

आलम नगर के 200 घरों में घुसा पानी, लाखों का सामान बर्बाद, भोजन तक के लिये तरस रहे लोग

# नगर निगम का होना हम सभी के लिये दुर्भाग्यपूर्ण : स्थानीय





सय्यद अरमान@प्रभात मंत्र

**झरिया :** पिछ्ले 24 घंटो से हो रही मुसलाधार बारिश के कारण जामाडोबा स्थित वार्ड संख्या 41 के आलम नगर के 200 घरो में पानी घुसने के कारण लोग परेशान हैं। वहीं सुरक्षा की दृष्टी से बिजली काट दी गई है। जिससे जन जीवन बिल्कुल अस्त व्यस्त हो गया है। हालात यह है की बीमार लोगो को दुसरे जगह शिफ्ट किया जा रहा है, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहें हैं वहीं कितने घरों मे चूल्हा तक नहीं जल सका जिससे भोजन के लिये भी लोग तरस रहें हैं। लोगो का कहना है की 200 घरो की आबादी वाले मोहल्ले मे नाली की पानी का एक भी निकासी का रास्ता नहीं है। जब से नगर निगम बना, आज तक कभी कचड़ा साफ नही हुआ। लोगो का कहना है की बरसात से पहले अगर नगर निगम के द्वारा कचड़े की सफाई की गई होती एवं नाली के पानी का निकासी का रास्ता बनाया गया होता तो आज लगभग 200 घरो में गंदा नाली का पानी नहीं घुसता। नगर निगम का होना हम सभी के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है।

आक्रोशित लोगो ने विभागीय अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगो का कहना है की संबंधित विभाग ने उन्हें हमेशा आश्वाशन के एलावा कुछ नही दिया। नगर निगम के अधिकारियो को इसकी पूरी जानकारी पहले से थी। कई बार आवेदन दिए गए और लगभग 50 बार फ़ोन किया गया किन्तु आश्वाशन के एलावा कभी कुछ नहीं मिला। आलम नगर मे नर्कीय स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमे लोग मजबूरन जीवन जीने को विवश हैं। समस्या का शिघ्र निदान नहीं हुआ तो नगर निगम कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन किया जाएगा। लोगो का कहना है की नाले का गंदा पानी घरो में घुसने के कारण महामारी व संक्रमक रोग फैलने की आशंका बढ़ गई है। घरो में पानी घुसने के कारण सुबह से बिजली काट दी गई है। घरो का पानी अगर नहीं निकला तो बिना बिजली के रहना पड़ेगा। घरो मे पानी घुसने के कारण लाखो का सामान बर्बाद हो गया है। लोगो का कहना है जिनके घरो में पानी घुसा है उनमे से अधिकांश रोज कमाने खाने वाले लोग हैं। इतनी भयावह स्थिति होने के बावजूद जिला प्रशासन मौन है।

## झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना : एलईडी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का होगा आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए शुक्रवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार एलईडी प्रचार रथ को अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, एनडीसी दीपक दुबे, डीएलएओ राम नारायण खलको ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए शनिवार, 3 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन होना है। लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा। आवेदनों को पोर्टल में इंट्री करने के लिए वीएलई मौजूद रहेंगे। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक हजार रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार उनके एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी होनी चाहिए। उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता होना चाहिए। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं।

मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड होना चाहिए। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी होना चाहिए।

## महाप्रबंधक ने पांचों मंडल के रेल प्रबंधकों के साथ की समीक्षा बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में 02.08.2024 को मुख्यालय, हाजीपुर में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ भविष्य की चुनौतियों एवं कार्य योजना पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने मंडल की उपलब्धियाँ, भविष्य की चुनौतियों एवं कार्य योजना से महाप्रबंधक को अवगत कराया। इसके उपरांत माल लदान बढ़ाने, यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान तथा राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्यों की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके।

## विधायक राज सिन्हा ने झारखण्ड विधानसभा में उठाया भूली का मामला

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने झारखण्ड विधानसभा मे भूली का मामला उठाया। कहा की श्रमिक नगरी भूली में बंद कर दिए गए जेबीभीएनएल के कार्यालय, को पुनः चालू किया जाए एवं वहाँ के रहने वाले लोग जो बिजली कनेक्शन लेना चाहते हैं उन्हें बिजली कनेक्शन दिया जाय। इस प्रश्न के उत्तर मे विभागीय मंत्री ने कहा की धनबाद के श्रमिक नगरी, भूली नगर में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि. राँची (जेबीभीएनएल) का कार्यालय, विद्युत आपूर्ति, भूली बीसीसीएल टाउनशीप पुराना एवं अति जर्जर होने के कारण संभावित दुर्घटना के मद्देनजर तत्काल बंद कर दी गई है। भूली नगर वासियों के सुविधार्थ नये कार्यालय ए - ब्लॉक, भूली स्थित 33/11 केभी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र में ही विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, भूली-1 एवं II संचालित है तथा उपभोक्ता संबंधी निर्धारित आवश्यक कार्यों का निष्पादन किया जाता है।

निकाय चुनाव में हो रही देरी से नाराज पार्षदों ने निकाला मशाल जुलूस

## राज्य सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबजी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद निकाय चुनाव में पांच वर्षो की देरी पर धनबाद के 55 वार्डो के पार्षदों का गुस्सा सड़क पर देखने को मिला। पुर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल की अगुवाई में पार्षदो और समर्थकों ने सैकड़ों की संख्या मे हाथों में मशाल लिए बरटांड से रंधीर वर्मा चौक तक हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने गुस्से का इजहार किया। वहीं मशाल जुलुस के दौरान पुर्व मेयर और पार्षदों ने झामुमो सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए निकाय चुनाव नहीं करवाना सरकार की विफलता और निजी स्वार्थ बताया। साथ ही निगम क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानियो को लेकर भी सवाल खड़े किए। मौके पर वार्ड संख्या 14 के निवर्तमान पार्षद मोहम्मद निसार आलम समेत सैकड़ों लोग इस मशाल जुलूस मे शामिल हुए और अपना समर्थन दिया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान फुटपाथ दुकानदारों की रोजी-रोटी की उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए नगर आयुक्त से की वार्ता

## फुटपाथ दुकानदारों को बेरोजगार नहीं होने दिया जाएगा : बैभव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह के नेतृत्व में फुटपाथ विक्रेता समन्वय समिति का एक प्रतिनिधि मंडल ने धनबाद नगर निगम आयुक्त रविराज शर्मा से उनके कार्यालय में वार्ता किया। वार्ता के दौरान धनबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर, विशेषकर हीरापुर हरि मंदिर रोड से अभय सुंदरी गर्ल्स स्कूल रोड तक, अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान फुटपाथ दुकानदारों की रोजी-रोटी की उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए विस्तार से चर्चा हुई।

नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया की नगर निगम फुटपाथ विक्रेताओं के प्रति संवेदनशील है और शीघ्र जांच कर उस क्षेत्र के दुकानदारों के लिए समुचित व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

मौके पर ब्रजेंद्र सिंह ने कहा की 2014 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भारत मे फुटपाथ विक्रेताओं के अधिकारों की रक्षा करने और पथ विक्रय गतिविधियों को विनियमित करने के लिए पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम लागू किया था। यह अधिनियम शहरी गरीबी कम करने के लिए स्व-रोज़गार का एक ज़रिया उपलब्ध कराने के साथ-साथ पथ विक्रय गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए भी है। वहीं मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव बैभव सिन्हा ने कहा की झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में फुटपाथ दुकानदारों को किसी भी तरह से बेरोजगार नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव बैभव सिन्हा, नगर निगम के पीवीसी सदस्य उमेश कुमार, श्यामल मजूमदार, रामनाथ सिंह, अभिजीत कुमार, सुधीर पंडित, मुकेश कुमार सिंह, सुनील ठाकुर, गुरु पाल, परमेश्वर पंडित, मोहन पंडित, अजीत कुमार सहित दर्जनों दुकानदार उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को सफल बनाने हेतु मुखिया ने की स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना को सफल बनाने हेतु , महुदा के पंचायत सचिवालय छत्रुटांड़ में मुखिया नंदिनी कुमारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंइया सम्मान योजना के फार्म भरने पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में उपस्थित मुखिया नंदिनी कुमारी ने मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना को शत् प्रतिशत सफल बनाने हेतु गांव-गांव में कैंप कर 21 से 50 वर्ष की सभी मांओं तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया।

आगे उन्होंने कहा कि छत्रुटांड़ पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए आगे आएं। इस योजना से न सिर्फ मांएं लाभान्वित होंगी बल्कि पूरा परिवार खुशहाल होगा।उक्त बैठक में मुखिया नंदिनी कुमारी, दिनेश कुमार प्रमाणिक, नीलम प्रभा, श्वेता दशौंधी, गायत्री देवी, सेवंती देवी, रेखा देवी, अहिल्या देवी, पूर्णिमा देवी आदि शामिल थी।

## तालाब में डूबने से 2 मासूम चचेरे भाईयों की मौत, बगोदर पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड अंतर्गत पंचायत परसिया के कुम्हार टोला के एक ही घर का मुकेश पंडित का 6 वर्षीय पुत्र साजन कुमार,छोटी पंडित के 5 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार तालाब में डूबने से कल निधन हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है. दोनों भाईयों नहाने के लिए तालाब में उतरा था। इस दौरान दोनों गहरे पानी में चले गया। इस दुखद घटना की सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर हिम्मत बंधाए। हर संभव मदद का भरोसा दिए। वहीं पूर्व विधायक ने लोगो से अपील की खासकर युवाओं और बच्चों से कि वे तालाब, नदी, पोखर, डोभा कुएं के पास ना जाएं, क्योंकि वर्तमान में मानसून सक्रिय है और सभी जलाशय पानी से भरे हुए हैं। इसलिए उन्हें जागरूक और सचेत रहना होगा और इन जलाशयों से उचित दूरी बनाए रखनी होगी, ताकि ऐसी घटनाएं न घटे।

## शहीद शक्ति नाथ महतो का 76वां जन्मदिन मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची बाजार के गोमो रोड में शहीद शक्ति नाथ महतो का 76वां जन्मदिन मनाया गया। शहीद शक्ति नाथ महतो का जीवन काल संघर्षपूर्ण रहा है। वह स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के काफी करीबी रहे थे और उनके सिद्धांतो से काफी प्रभावित भी थे।उन्होंने अल्प समय में मजदूर राजनीतिक में काफी पकड़ बनाई थी। वे हमेशा शोषण के विरुद्ध आवाज उठाते थे। इस मौके पर आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि शहीद शक्ति नाथ महतो का झारखंड नहीं बन पाया है, इसके लिए हम सभी युवाओं को उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेमचंद महतो, रमेश जायसवाल, लखन महतो, लक्ष्मण महतो, पुनीत महतो, सुनील रजक, अमर भारती, अमर धीवर, दुर्गा गोप आदि लोग मौजूद थे।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में 02.08.2024 को मुख्यालय, हाजीपुर में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ भविष्य की चुनौतियों एवं कार्य योजना पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।बैठक में दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने मंडल की उपलब्धियाँ, भविष्य की चुनौतियों एवं कार्य योजना से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया। इसके उपरांत माल लदान बढ़ाने, यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान तथा राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्यों की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**(Civil Engineering Department)**
**Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004**
**e-mail- ceciviljbvnl@gmail.com**

**e-TENDER NOTICE**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status:

| SL. No. | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 59 /PR/JBVNL /2024-25 | Item rate for day-to-day civil maintenance work, water supply System and sanitary installation at Artisan Hostel, Nigam Headquarter, Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi for 01 (one) year | 9,60,550=00 | 19,250=00 | 1250.00 + 18% Extra GST =1475.00 | 365 days |
| | Availability of tender documents on website | | | From 02.08.2024 at 02.00 PM to 26.08.2024 up to 3.00 PM | | |
| | Last date and time for uploading of e-tender | | | Up to 26.08.2024 up to 3.00 PM | | |
| | Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | | | At 3.30 PM on 27.08.2024 | | |
| | Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | | Will be Communicated later on | | |
| | Tendering Officer and address for communication | | | General Manager (CIVIL), JBVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004 | | |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 9431722552.

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal **(jharkhandtenders.gov.in).**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Civil)
JBVNL

PR 331652 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

**संक्षिप्त खबरें**

## उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारीयों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस-2024 के दिन लोहरदगा जिला में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा जो 8.45 बजे तक चलेगा।

# मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के निमित प्रखंड के सभी 06 पंचायत भवनों में कैम्प का आयोजन आज से

➲21 से 49 आयुवर्ग वाले सभी महिला पंचायत भवन आकर भीएलई के माध्यम से कर सकते हैं आनलाईन आवेदन : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत प्रखंड के सभी 06 पंचायत भवनों मे आज 03 अगस्त से किया गया है शिविर का आयोजन। उक्त संबंध मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि प्रखंड के वैसे महिला जिनकी आयु 21 से 49 वर्ष की है वे सभी महिला अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत भवन मे आज 03 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रज्ञा केंद्र संचालक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत आवेदक के आवेदन की स्वीकृति के पश्चात प्रतिमाह 1000/- एक हजार रुपये की सम्मान की राशि सिधे आवेदक की बैंक खाते मे भेजी जायेगी। बीडीओ ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला को 21 से 49 वर्ष की आयु होना, झारखंड राज्य का निवासी होना, मतदाता पहचान पत्र होना, झारखंड राज्य के अन्त्योदय अन्न योजना या पीला, गुलाबी, हरा या सफेद राशन कार्ड मे नाम होना आवश्यक है। बीडीओ ने कहा कि सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक-से-अधिक महिलाओं को लाभ से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से प्रखंड मे 01अगस्त को बैठक भी आहुत की गई थी। बैठक के माध्यम से सभी पंचायत सचिव, मुखिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक, आँगनबाड़ी सेविका को आवश्यक दिशा निर्देश दे दी गई है।

# प्रेम प्रसंग व आपसी विवाद में पत्नी ने कराई पति की हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के कण्डरा पतरा से पुलिस ने सड़ा गला शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज जांच में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रविन्द्र उराँव का पतरा से मृतक का घर तथा गांव वालों ने निशानदेही पर पुलिस द्वारा एक युवक का सड़ा गला शव बरामद किया गया है। वही मृतक का पहचान गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर ग्राम निवासी खदी उराँव का 27 वर्षीय पुत्र अजित उराँव के रूप में किया गया है। जबकि घटना का अंजाम सोमवार को कंडरा जंगल में दिया गया था। जिसका शव शुक्रवार को मिला बताया जाता है कि परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया जाता है की मृतक अजित उराँव की पत्नी ममता देवी उम्र 25 वर्ष अपने आशिक के साथ मिल कर घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी अजित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पँहुच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि हत्या प्रेम प्रसंग का है एक महिला द्वारा हत्या करना सम्भव नही है। पत्नी द्वारा प्रेमिका के साथ मिलकर हत्या करने की बात कही गई है। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक की पत्नी से पूछताछ कर इस कांड में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी लिया जा रहा हैं। जिसके बारे में मृतक की पत्नी से पूछताछ जारी है। जानकारी मिलने के बाद कांड में संलिप्त प्रेमी और अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा नही जायेगा पुलिस अग्रतर करवाई जुटी हुई है।

## सांसद सुखदेव भगत ने संसद में अल्बर्ट एक्का के नाम से गुमला जिला में सैनिक स्कूल खोलने की मांग की



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सुखदेव भगत ने संसद में लांसनायक परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम से गुमला जिला में सैनिक स्कूल खोलने की मांग को प्रमुखता से उठाया। माननीय सांसद सुखदेव भगत ने संसद में कहा की 1971 के इंडो पाक के युद्ध में पूरे पूर्वोत्तर भारत में एकमात्र देश के सर्वोच्च सैनिक सम्मान पाने वाले परमवीर चक्र विजेता लांसनायक अल्बर्ट एक्का के नाम पर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला जिला में सैनिक स्कूल खोला जाय। सांसद ने कहा कि यह अल्बर्ट एक्का के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गुमला जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। पुलवामा की बात हो चाहे कारगिल की युद्ध बात हो इस क्षेत्र के काफी सैनिक शहीद हुए हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के बच्चों, युवकों के दिलों में देश सेवा करने के लिए एक अलग जज्बा है ये सैनिक बनकर देश सेवा करना चाहते हैं। पूर्व में भी इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवक सैनिक बने हैं यहां सैनिक स्कूल खुलता है तो अल्बर्ट एक्का को भी सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी और इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ने का शुअवसर भी मिलेगा। सांसद सुखदेव भगत ने संसद में सभापति महोदया के माध्यम से गुमला जिला में अल्बर्ट एक्का के नाम से सैनिक स्कूल खोलने की मांग केंद्र सरकार से किये।

## झमाझम बारिश के बाद भारी मात्रा में धनरोपनी शुरू, खेतो में उतरे किसान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में शुक्रवार को दिन भर रुक रुक कर झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे में खुशी देखी गई। वही बारिश के बाद खेती किसानी के काम में तेजी आ गई है खेतों में खराब हो रहे बिचड़ा को रोपने का काम अब किसान शुरू कर दिए हैं। इस वर्ष अभी तक अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई थी लेकिन शुक्रवार की अच्छी बारिश के बाद किसान प्रफुल्लित हो गए हैं। किसानों का माने तो अगर रोजाना इस तरह से बारिश हुआ तो 15 दिनों के अंदर धान की रोपनी खत्म कर दी जाएगी। बताते चलें की जिले भर के किसान मडुवा एवं मक्के की खेती भी बड़े पैमाने पर करते हैं।बारिश की कमी के कारण मडुवा की रोपनी नहीं हो सकी थी परंतु अब बारिश के बाद ये काम में ही तेजी आ गई है। जबकि मकई का फसल भी पानी के अभाव में खराब हो रहा था लेकिन अब फसल बर्बाद होने से बच जाएगा। वही बारिश होने के बाद किसान खेती किसानी के कार्य में प्रगति की संभावना जताई है।

# भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल चंद्र राय की जयंती पर विज्ञान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

**वैज्ञानिक सोच विकसित करना ही उद्देश्य : बिपिन कुमार दास**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सात दिनों से चल रहे विज्ञान सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय नीलिमा सिंह ने कराई। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन भैया बहनों को भारतीय वैज्ञानिक के उपलब्धि एवं उनके खोज को बताया गया। इसमें नागार्जुन, चरक, सुश्रुत, डॉ अब्दुल कलाम, होमी जहांगीर भाभा, जगदीश चंद्र बसु, चंद्रशेखर वेंकटरमण एवं प्रफुल्ल चंद्र राय के जीवनी उनके कार्य व प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के भैया/ बहनों ने भारतीय वैज्ञानिक का स्वनिर्मित छायाचित्र बनाया। जिसे विद्यालय की सभागार में प्रदर्शित किया गया। अन्य कार्यक्रम में प्रयोगशाला दर्शन भैया/ बहनों द्वारा ग्राम दर्शन, वृक्षारोपण प्रश्न मंच आयोजन, विज्ञान से संबंधित गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता कराया गया। कक्षा षष्ठ एवं सप्तम में चार्ट पेपर पर निर्मित छायाचित्र में प्रथम सत्यम साहू,द्वितीय वत्सल गुप्ता, तृतीय राजकुमार रहे। कक्षा अष्टम में प्रथम संगम उरांव, द्वितीय आयुषी कुमारी तृतीय विबान कुमार रहे। नवम एवं दशम भाषण प्रतियोगिता में कशिश कुमारी प्रथम, श्वेता कुमारी द्वितीय,बादल उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किऐ।विद्यालय के विज्ञान आचार्य राजीव कुमार सिंह ने प्रफुल चंद्र राय के जीवनी,उनके द्वारा किए गए कार्य एवं उनके उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं विज्ञान आचार्य/दीदी जी ने भैया बहनों को प्रमाण/ पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्या भारती द्वारा इसलिए किया जाता है।

# किसी खास जाति के लोगों के विकास से झारखंड का विकास नहीं, गरीबों का विकास करें राज्य सरकार : रामचंद्र गिरि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र गिरि ने झारखंड के वर्तमान महामहिम राज्यपाल के उस बयान पर जिसमें उन्होंने एक खास जाति का विकास कर झारखंड का विकास करने की बात कही है, इस संदर्भ में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि झारखंड में रहने वाले सभी जाति के लोगों में गरीबी है। इसलिए सरकार को ऐसी योजना बनानी चाहिए जिससे सभी जाति के गरीबों का विकास हो सके। राज्य में रहने वाले सभी जाति के लोगों पर सरकार की नजर एक समान होनी चाहिए यही अच्छी सरकार की पहचान और कर्तव्य भी है। किसी एक जाति समाज या धर्म के मानने वालों के विकास की बात करना सरकार की अदूरदर्शिता ही कही जाएगी। रामचंद्र गिरि ने कहा कि जब बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ था तब झारखंड देश के अमीर राज्यों में से एक था और इसका पहला बजट सर प्लस प्रस्तुत किया गया था। दुर्भाग्य से उस समय से अबतक जितनी भी सरकारें बनी सभी राज्य सरकारों ने अपरिपक्वता और अदूरदर्शिता से ग्रसित हो गलत नीति बनाते हुए किसी एक जाति का विकास के लिए लक्ष्य निधारित कर विकास का कार्य प्रारंभ किया। नतीजा यह हुआ कि उस जातिविशेष का विकास तो समुचित ढंग से हुआ नहीं, दूसरी जाति के गरीब विकास की वाट जोहते रह गए। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि सामाजिक खाइयाँ बढती चली गई और सामाजिक समरसता बिगड़ता चला गया। रामचंद्र गिरि ने कहा कि जिस प्रकार कई अंगों को मिलाकर शरीर की संरचना होती है उसी प्रकार कई जातियों को मिलाकर समाज,राज्य और राष्ट्र का निर्माण होता है। जब तक सभी जाति के गरीबों का समानुपातिक विकास नहीं होगा तब तक ना तो समाज विकसित होगा और ना ही राज्य और राष्ट्र का विकास संभव हो सकेगा। जिस प्रकार शरीर का कोई एक अंग विकसित हो और अन्य अंग अविकसित रह जाय तो शरीर विकलांग हो जाता है,उसी प्रकार समाज, राज्य और देश में रहने वाले सभी लोगों को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक विकास होना चाहिए, अन्यथा समाज,राज्य और राष्ट्र अपंग हो जाएगा।

## प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक अनीश अहमद खान की अध्यक्षता में संपन्न



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 2 जुलाई शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय कैरो में प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान के अध्यक्षता प्रभारी रीना कुमारी की उपस्थिति में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक की बैठक आहुत की गई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को ले कर चर्चा की गई एवं बहन बेटी स्वालंबन योजना के बारे विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी,कांग्रेस मे कार्यकर्ता ही सर्वोपरि। आप सभी कार्यकर्ता के बदौलत ही 2024 के विधानसभा चुनाव मे पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। इसके लिये झारखंड के इन्डी गठबंधन वाली सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं को जन-जन तक जागरूकता की है आवश्कता। बैठक में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया को-कन्वेनर अल्ताफ़ अंसारी, जिला सचिव जुबैर अंसारी, प्रखंड महासचिव मोजाहिर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष नारायण उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष तिला उरांव, प्रवीण पांडेय, अनवर अंसारी, महताब आलम, मतलूब अंसारी, अकबर खान, जियाउल अंसारी, मनोज उरांव, नाजिर अंसारी, मंगरा उरांव, एज्जाज़ खान इत्यादि उपस्थित हुए।

## निशिथ जयसवाल ने किस्को प्रखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शुक्रवार को किस्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईयां सम्मान योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए विशेष बैठक प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, एवं प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल की उपस्थिति में की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी निशिथ जायसवाल ने कहा की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कार्यक्रम जिले के हर एक प्रखंड में किया जा रहा है जिसमें झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जो महिला बहनों के लिए झारखंड सरकार के एक विशेष सोच और प्रयास की उपज है जिसमे झारखंड राज्य की वैसी महिला जो 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो और 50 वर्ष से कम आयु की हो उन्हे प्रतिमाह 1000 रुपए प्रदान किया जाएगा जिससे महिला सशक्तिकरण को विशेष बल मिलेगा। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर योजना के बारे में माता बहनों को बताएंगे एवं प्रत्येक पंचायत भवनों में 3 से 10 तारीख तक कैंप लगाया जाएगा जिसमे सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी फॉर्म भरने में जरूरतमंदों की मदद करेंगे। बैठक में उपस्थित महिला बहनों को जानकारी देते हुए उन्हें फॉर्म प्रदान किया गया।

# सरकार को जनता की परेशानियों से नहीं है कोई मतलब : एनोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शुक्रवार को बारिश के बीच राजाबासा पंचायत स्थित कसीरा गांव पहुंचे। पूर्व मंत्री ने गांव में व्याप्त बिजली समस्या का समाधान कराया। मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष कई समस्या रखी। ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य से संबंधित समस्या रखते हुए सहयोग की अपील की। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झापा काम पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि झापा ने काम करके दिखाया है और आगे भी लोगों के सहयोग से जनहित और मानव कल्याण का कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता के परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। अस्पतालो में डॉक्टर नहीं है, स्कूल में शिक्षक नहीं है, विदयालय का भवन जर्जर हो रहा है। बिजली बिल में मनमानी की जा रही है। हर क्षेत्र में जनता परेशान है। उन्होंने आगामी विस चुनाव में एक बार फिर झापा को समर्थन देने की अपील की। मौके पर मतियस बागे, ललित समद, अनिल बारला आदि उपस्थित थे।

**धूप हो या बारिश नहीं डगमगाएगा सेवा का जज्बा : संदेश एक्का :** झापा युवा नेता संदेश एक्का ने कहा कि लोगों की सेवा ही उनकी राजनीति का उददेश्य है। उन्होंने कहा कि उनके पिता एनोस एक्का से ही उन्होंने लोगों की मदद करना सीखा है। धूप हो या बारिश सेवा का जज्बा कभी नहीं डगमगाएगा।

## अनुबंध कर्मियों की मृत्यु के बाद परिजनों का पालनकर्ता बने सरकार : विधायक भूषण बाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मानसून सत्र में अनुबंध कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों का पालनकर्ता बनने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से अनुबंध कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को परिवार को भरण पोषण के लिए कुछ सहायता राशि देने अथवा एक सदस्य को अनुबंध पर नौकरी देने अथवा उनके बच्चों का पढ़ाई लिखाई एवं लालन पालन का जिम्मा सरकार द्वारा निर्वहन करने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से कहा कि राज्य भर में कार्यरत स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, विद्यालय रसोइया, संयोजिका, पंचायत स्वयं सेवक, सभी मनरेगा कर्मी, बीएफटी, सभी एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू, सभी अनुबंध कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी विभाग के बीपीओ, सर्वशिक्षा अभियान के कर्मी, सहायक पुलिस, होम गार्ड के जवान, जेएसएलपीएस के कर्मी, फ्रंट लाइन कम्पनी के तहत काम करने वाले कर्मी सहित अन्य कई विभाग में अनुबंध के आधार पर कर्मी कार्यरत है। जिनके कार्य के कारण ही सरकार का हर काम आसानी से निपट जाता है। साथ ही जन जन तक सरकार की योजनाएं पहुंच पाती है। उन्होंने कहा है कि जब तक ये कर्मी नौकरी में रहते हैं, तब तक किसी तरह जैसे तैसे कर के इन कर्मियों का परिवार चल जाता है। लेकिन इन कर्मियों की मौत के बाद इनके परिवार के समक्ष भारी परेशानी उत्पन्न हो जाती है। इन कर्मियों का परिवार सड़क में आ जाता है। इनका कोई पूछने वाला नहीं होता है।

## जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दी गई श्रद्धांजलि



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निर्माणाधीन राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में श्री राणी सती मंडल लोहरदगा के अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया के अध्यक्षता में शोक सभा की गई। समाज के वरिष्ठ,अभिभावक तुल्य जुगल किशोर पोद्दार जी के निधन हो जाने पर उनके तस्वीर के समक्ष पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक सभा पर सभी ने जुगल पोद्दार जी के साथ अपने बिताए क्षणों एवं उनके जीवन काल के विषयों में बताएं। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि वे समाज के एक मजबूत स्तंभ थे इनके नहीं रहने से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। लोहरदगा के बाहर रहते हुए भी उनका दिल दिमाग हर समय लोहरदगा पर ही केंद्रित रहा करता था। और सभी का हाल समाचार लिया करते थे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि जुगल चाचा जी दादी मंदिर के निर्माण का कार्य पूरा नहीं होने को लेकर काफी चिंतित थे। उनका व्यक्तित्व ही समाज में एक अपनी पहचान थी। राणी सती मंडल के अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया ने उनके जीवनी एवं उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक हो उठे और कहा कि हम लोग एक साथ रहे और वे हमारे पड़ोसी भी थे हर सुख-दुख में हम लोग एक दूसरे के भागीदार बनते थे उनकी कमी तो आजीवन खलते रहेगी। रामचरितमानस के मुरलीधर अग्रवाल एवं परमेश्वर साहू ने बताया कि वे रामचरितमानस के कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे एवं वर्तमान में आजीवन संरक्षक के रूप में हम लोगों का मार्गदर्शन करते रहते थे। मौके पर पवन सर्राफ, अमर पोद्दार, अनुराग पोद्दार, मयंक मोदी, रुपेश चौधरी, सचिन मित्तल, मनोज टिंबरेवाल, ने भी अपने-अपने उनके साथ बिताए पलों को याद किये शोकसभा में शिवप्रसाद राजगढ़िया, दीपक सर्राफ, मुरलीधर अग्रवाल, परमेश्वर साहू, पवन सराफ, जयप्रकाश शर्मा, अमर पोद्दार, मयंक मोदी, अनुराग पोद्दार रुपेश चौधरी, सचिन मित्तल, आयुष टिंबरेवाल, अतुल सर्राफ आदि उपस्थित थे।

# उग्रवादी संगठन के सहयोग में लेवी के राशि व मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** उग्रवादी संगठन जे जे एम पी के सक्रिय सदस्य द्वारा लेवी मांग के उपरांत पचास हजार नगद राशि एवं मोबाइल के साथ एक नामजद आरोपी को पुलिस अधीक्षक निर्देश पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में अंडा, चाउमीन दुकान संचालक के पास से लेवी का पैसा एवं मोबाइल पहुंचाने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां को मिलते ही उनके निर्देश पर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में सूचना सत्यापन एवं कारवाई किया गया। उसी दौरान अलौदी निवासी बौड़ा उराँव का पुत्र सुनील उराँव को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसे मामला का खुलासा हुआ कि उग्रवादी संगठन जे जे एम पी का सक्रिय सदस्य फिरोज अंसारी द्वारा सरना बाउंड्री घेराव कार्य में संवेदक लक्ष्मण भगत से एक लाख पचास हजार नगद एवं एक ओप्पो मोबाइल का मांग किया गया था। इससे पूर्व जे जे एमपी संगठन के सक्रिय सदस्य फिरोज अंसारी द्वारा वट्सअप कॉलिंग के माध्यम से गली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दि गई थी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तथा सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के चपरोंग निवासी सनिया भगत के 36 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण भगत के शिकायत पर पुलिस कारवाई के दौरान सुनील उराँव को लेवी की राशि एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने बताया कि संवेदक डर के कारण बुधवार शाम लगभग 3 बजे सुनील उराँव को लेवी का पैसा एवं मोबाइल देकर अपना वर्तमान पता लोहरदगा थाना क्षेत्र के छत्तर बगीचा लौट गया था। जबकि इस मामले में सुनील उराँव के परिजनों ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि साजिश के तहत फंसाया गया है। साथ ही कहा कि दिव्यांग होने के कारण अपना जीविकोपार्जन हेतु अंडा चाउमीन दुकान संचालन कर घर का खर्च चलता है। वही पचास हजार नगद राशि एवं मोबाइल बरामद होने पर मामला का खुलासा हुआ।

# स्वास्थ्य सहिया और जलसहिया को न्यूनतम मजदूरी दर पर मासिक मानदेय और अन्य सुविधाएं दी जाय : नमन विक्शल कोनगाड़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड विधानसभा द्वारा आहुत मॉनसून सत्र में निवेदन के माध्यम से कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने सभी स्वस्थ सहिया एवं जलसहिया द्वारा अपने मानदेय को लेकर जो आवाज बुलंद की जा रही थी, उस बात को निवेदन के माध्यम सरकार के समक्ष रखा। बिधायक बिकशल कोनगाड़ी ने सदन में बताया कि झारखंड में स्वास्थ्य सहिया एवं जलसहिया दोनों के पेयजल आपूर्ति के छेत्र तथा संबंधित छेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण सेवा दे रही है। परंतु उनको मात्र एक हजार रुपये ही मासिक मेहनताना मिल रहा है। जो कि न्यूनतम मजदूरी दर से भी कम है। केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर है। ऐसी परिस्थितियों में इनको रोजी रोटी एवं परिवार की अन्य जरूरत से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही है। बिधायक ने कहा कि चुँकि हमारी गठबंधन सरकार की छवि जनकल्याणकारी सरकार के रूप में है।इसीलिए इन कर्मियों की उम्मीदें हमारी सरकार से है।ये हमारी तरफ टकटकी लगाकर आस की नजर से देख रही हैं कि हम इनकी समस्याओं को समझते हुए इनके समस्याओं का निराकरण करेंगें। चुँकि हमारी सरकार ने सर्वजन पेंसन को 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिए। और मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत 21 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक की बेटी, बहनों एवं बहुओ को हर महीने 1000 रुपया सहायता राशि प्रदान कर रहे हैं। जबकि यहां मैं बता देना चाहूंगा कि हमारी स्वास्थ सहिया एवं जल सहिया बहनों को हम काम कराकर मात्र 1000 रुपये ही देते हैं। अतः सरकार से मेरा निवेदन है कि सभी स्वास्थय सहियाओं एवं जलसहिया को इनकी समस्याओं को समझते हुए न्यूनतम मजदूरी के दर पर मासिक मानदेय और अन्य सुविधाएं दी जाय।

## चलते चलते एक नजर

### प्रत्येक विकास खण्ड में 5-5 गांव बनाए जाएंगे आदर्श ग्रामः सीएम धामी



**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांवों के सुनियोजित विकास पर फोकस करते हुए कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में 5-5 गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष 100 आदर्श गांवों की श्रेणी में उत्तराखण्ड के 10 गांवों के नाम भी शामिल हों, इसके लिए गावों के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाएंगे।शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान यह बातें कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम चौपाल के आयोजन में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जनपदों में जिलाधिकारियों की ओर से प्रतिभाग करने पर बल दिया। उन्होंने ग्राम पंचायतों के प्रबुद्धजनों के साथ बैठकर गांवों की विकास योजनाओं पर कार्य करने करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं के स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाये जाएं। इनमें गांवों के प्रवासी लोगों को प्रतिभाग करने के लिए विशेष रूप से प्रतिभागी बनाया जाए।मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानक तय कर पंचायत भवनों का निर्माण किया जाए। ग्राम पंचायतों में जो भी पंचायत भवन बनाये जा रहे हैं, वे पर्वतीय शैली में बनाये जाएं, जिसमें उत्तराखण्ड की विरासत की झलक हो। पंचायत भवनों के लिए उचित स्थलों का चयन किया जाए, ताकि उनका ग्राम पंचायतों में पूर्णतः उपयोग हो सके।

### पेरिस ओलंपिक में मिली कठिन हार : पीवी सिंधु



**नई दिल्ली** : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के राउंड ऑफ 16 में महिला एकल की हार पर बात करते हुए इसे अपने करियर की सबसे कठिन हार करार दिया और खुलासा किया कि वह खेल से कुछ समय का ब्रेक भी लेंगी।पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन पदक जीतने की भारत की उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष शटलर सिंधु महिला एकल प्री-क्वार्टर में छठी वरीयता प्राप्त चीनी शटलर ही बिंग जियाओ से सीधे सेटों में 21-19, 21-14 से हार गईं। रियो 2016 में उन्होंने रजत और टोक्यो में कांस्य पदक जीता था। हार के बाद सिंधु ने एक्स पर अपनी हार के बारे में लिखा और बताया कि पेरिस ओलंपिक तक का उनका सफर कुछ चोटों और खेल से कुछ समय दूर रहने से चिह्नित था। लेकिन इन सबके बावजूद, वह पेरिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए खुद को धन्य महसूस कर रही हैं।सिंधु ने एक्स पर लिखा, पेरिस 2024- एक खूबसूरत यात्रा लेकिन एक कठिन हार। यह हार मेरे करियर की सबसे कठिन हार में से एक है। इसे स्वीकार करने में समय लगेगा, लेकिन जैसे-जैसे जीवन आगे बढ़ेगा, मुझे पता है कि मैं इसे स्वीकार कर लूंगी।

# भाजपा नेताओं ने फूंका सीएम का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता एवं नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में विधानसभा में मांग नहीं मानने तानाशाही रवैया के खिलाफ मुख्यमंत्री का पुतला फुंका गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार झारखंड में युवाओं, महिलाओं, गरीबों को धोखा देने का काम किया है। हेमंत सरकार तानाशाह बन चुकी है। चारों तरफ गुंडाराज माफिया राज बड़े पैमाने पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनहित में आंदोलन कर रहे भाजपा विधायकों को विधानसभा में जिस तरह से प्रताड़ित किया गया। यह तानाशाह रवैया को स्पष्ट कर रहा है। भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक के तानाशाही से जनता त्राहिमाम कर रही है। आनेवाले दिनों में जनता ऐसे निकम्मे झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार तानाशाह बन चुका है। मौके पर भाजपा नेता भगत सिंह साहू, राजीव राज तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, हरेन्द्र दुबे, रितेश चौबे, मुन्ना तिवारी, गिरेंद्र पाण्डेय, विनोद चन्द्रवंशी, चंदन जायसवाल, कैलाश कश्यप, यशवंत मिश्रा, राकेश शंकर गुप्ता, बंधु राम, सुप्रीत केसरी, उदय मेहता, अविनाश पासवान, रंजीत चौरसिया, खुर्शीद आलम, शनि चंद्रवंशी, मनीष गुप्ता, विकास तिवारी, प्रिंस तिवारी, ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल संतोष गंगवार ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से शुक्रवार को दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के जरिये स्वलिखित पुस्तक एक सफर हमसफ़र के साथ की एक प्रति उन्होंने राज्यपाल को दिया। इसके लिए राज्यपाल ने आभार जताया।

## सेना भर्ती रैली के सातवें दिन 1040 युवाओं ने दिखाया दमखम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : सेना भर्ती रैली के सातवें दिन शुक्रवार को 1040 युवाओं ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए झारखंड राज्य के पलामू और देवघर जिले के अभ्यर्थियों ने सेना बहाली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जांबाज युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में उपस्थिति दर्ज की। सेना भर्ती कार्यालय, रांची के जरिये अग्निवीर रैली भर्ती प्रक्रिया के दौरान हर संभव सकारात्मक तरीके से किये गए आचरण और बेहतरीन भर्ती प्रक्रिया की सभी उम्मीदवारों ने सराहना की। साथ ही रांची जिला प्रशासन के जरिए रैली स्थल पर उम्मीदवारों के लिए किये तमाम इंतजाम की भी तारीफ की। इस दौरान अभ्यर्थियों को बिस्किट, पीने का पानी,डाटा फीड के लिए सहयोग, डॉक्टर्स के साथ मेडिकल की सुविधा, कूल रूम, पुलिस प्रशासन का सहयोग मिल रहा है।

## शहर में जल जमाव को लेकर अविनाश देव ने नगर आयुक्त से की मुलाकात




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : बरसात के शुरुआती दौर छोड़ दिया जाए तो सावन बारिश संतोषजनक है। संभ्रांत घराने के लिए सावन कि वर्षा तो सुखद है किंतु निम्नमध्य वर्ग के लिए कष्टकर। स्लम बस्ती से लेकर झुगी झोपड़ी में वास करने वालों के लिए यह बरसात अभिशाप है। जल जमाव, जलीय जीव का आतंक, बिजली, पानी रौशनी सब के लिए चिंतनीय हैं।

इन तमाम बिंदुओं के ख्याल रखते हुए नगर निगम मेदिनीनगर के आयुक्त से उनके दफ्तर में जेएमएम के युवा नेता अविनाश देव ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र और मिट्टी के बॉटल कप देकर स्वागत किया।

आयुक्त ने जबरदस्त तरीके से उत्साहित होकर आश्वासन दिया और कहा कि रौशनी, पानी, सड़क एवं जन मुद्दो को लेकर कभी भी हम से मिलिए और मिलते रहिए। नगर आयुक्त ने अविनाश देव को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जेएमएम नेता अविनाश देव ने कहा कि नगर आयुक्त से मिलना बहुत ही सकारात्मक रहा।

## सांसद वीडी राम ने रेलवे से जुड़ी कई मामलों पर रेल मंत्री से की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलकात किया। इस अवसर पर उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने रेल मंत्री से गया-शेरघाटी इमामगंज-डालटनगंज रेलवे लाइन और बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन को पूर्ण कराने की मांग की। साथ ही टाटानगर मुरी राँची लोहरदगा डालटनगंज गढ़वा रोड जपला होते हुए वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन चलने, बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने,पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन सं. 11448/11449- मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने,रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्प्रेस 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है, उसे चार दिन करने,रॉची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है, उसे 6 दिन करने, गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर करने,गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 के अलीगढ़ जंक्षन पर दो मिनट के ठहराव करने, रॉची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 का गोरखपुर तक विस्तार करने, हावडा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का विस्तार मुंबई तक करने, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 को रजहरा स्टेशन पर ठहराव देने, रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलाने की मांग की।

### रातभर नहीं सो पाया, नींद की दवा भी काम नहीं आई : नीलकंठ सिंह मुंडा

**रांची** : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मैं रातभर सो नहीं पाया। निलंबित नहीं होने से मैं दुखी हूं। यह बातें सदन में भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। उन्होंने कहा कि नींद की दवा भी काम नहीं आयी। आपको मुझे भी निलंबित करना था। मैं भी अपने साथी विधायकों के साथ ही था। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सिर्फ मैं दुखी नहीं हूं। संसदीय कार्य मंत्री रामेश्वर उरांव भी दुखी हैं। विधायकों के निलंबन के वह खिलाफ थे। इसलिए उन्होंने निलंबन का प्रस्ताव खुद नहीं लेकर आये। दरअसल, नीलकंठ सिंह मुंडा तंज कसते हुए सवाल उठा रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री की जगह झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव लाया था।

ईडी की छापेमारी वाले राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का पलटवार, कहा

## जवाबदेही से बचने को हो रही बेतुका बयानबाजी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : ईडी की छापेमारी की योजना को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। भाजपा ने आज यहां कहा कि वायनाड भूस्खलन घटना में अपनी जवाबदेही से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी हो रही है।



भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि राहुल गांधी अपनी जवाबदेही से बचने के लिए इस तरह की अपुष्ट बातें कर रहे हैं। जिन बातों के स्रोत का पता नहीं, बस अपनी मर्जी से आरोप लगाते रहते हैं । साफ है वे वायनाड से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने रणनीति के तहत ऐसा बयान दिया है। जब भी उनके सामने ऐसे कठिन सवाल या मुद्दे आते हैं, जिनका उनके पास कोई जवाब नहीं होता, तो वे उससे बचने की कोशिश करते हैं।उन्होंने कहा कि वायनाड में संक्षिप्त उपस्थिति के बाद वे अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहे हैं। वायनाड की इस घटना में 300 से अधिक लोग मारे गए हैं। उन्होंने वहां पिछले कई वर्षों में कुछ नहीं किया। आज वे वायनाड के मुद्दे और उसकी जवाबदेही की जांच से बचना चाहते हैं।

## मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं गढ़वा विधानसभा के लोग : डा. एमएन खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : एआईएमआईएम के तत्वावधान में रमकंडा बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार सिर्फ यहां के लोगों को ठगने का काम की है। वहीं यहां के विधायक सह मंत्री के द्वारा सिर्फ विकास के नाम पर ढोल बजाया जा रहा है। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां न तो अभी तक लोगों को पेयजल, बिजली व सड़क आदि की सुविधा मिल पाई है। विकास के नाम पर अभी तक यहां कुछ भी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम ही गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास कर सकता है। यह बात यहां की जनता भी पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम से लगातार लोग जुड़ रहे हैं। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि हेमंत सरकार ने जो अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था। उसमें से कोई भी काम नहीं किया जो जनहित में हो। वर्तमान समय में गढ़वा सहित पूरे झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पर किसी के द्वारा लगाम नहीं लगाया जा रहा है। बिना चढ़ावा के कोई भी काम नहीं हो रहा है। ऐसे में जनता परेशान हैं। लेकिन उनका सुनने वाला कोई नहीं है। इस मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला महासचिव रमजान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, जिला संरक्षक अब्दुल शकूर अंसारी, गढ़वा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मौलाना मजहर हुसैन, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, युवा के जिला अध्यक्ष मोजहिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पत्रकार कला मंच का दो दिवसीय नाट्य महोत्सव आज से

**रांची।** पत्रकार कला मंच और सीसीएल के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नाट्य महोत्सव 'पावस' का शुभारंभ सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में शाम के 6 बजे होना है। तीन और चार अगस्त को होने वाले इस नाट्य महोत्सव में पहले दिन नाट्यालय के द्वारा भगवदजुक्कम की प्रस्तुति होगी जिसका निर्देशन सुकंठ ठाकुर करेंगे। इसके बाद झारखंड फिल्म और थिएटर अकादमी के द्वारा गिरगिट की प्रस्तुति होगी जिसका निर्देशन राजीव सिन्हा ने किया है। महोत्सव के दूसरे दिन 4 अगस्त को पत्रकार कला मंच की प्रस्तुति सैंया भए कोतवाल होगी, जिसका निर्देशन संतोष मृदुला ने और संगीत निर्देशन निलय सिंह ने किया है। पत्रकार कला मंच के अध्यक्ष अमित दास ने सभी नाट्य प्रेमियों से इसमें आने और कलाकारों के उत्साह वर्धन का अनुरोध किया है, उन्होंने बताया कि ये महोत्सव थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के सहायतार्थ किया जा रहा है। महोत्सव में प्रवेश निशुल्क है।

## रांची विवि में मनाया गया केमिस्ट्री-डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को केमिस्ट्री-डे मनाया गया। यह आयोजन पीजी केमिस्ट्री आरयू तथा आइक्यूएसी रांची विश्वविद्यालय जरिये किया गया। भारत के प्रसिद्ध रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की याद में केमिस्ट्री डे दो अगस्त को मनाया जाता है। आचार्य पीसी रे ने ही आधुनिक भारत में शिक्षा के क्षेत्र में रसायन विज्ञान को स्थापित किया। उन्होंने अध्यापन के साथ ही पहला स्वदेशी दवा और कास्मेटिक्स उद्योग भी स्थापित किया। नेशनल केमिस्ट्री डे आयोजन में सबसे पहले कुलपति प्रो.डा.अजीत कुमार सिन्हा, प्रो. डॉ. जीडी मिश्र (वरिष्ठ प्राध्यापक केमिस्ट्री) प्रो. डॉ. एके डेल्टा (पीजी केमिस्ट्री हेड) डीएसडब्ल्यू डॉ. एसके साहू, डॉ. अरुण कुमार (डीन साइंस) कुलसचिव डॉ. विनोद नारायण ने आचार्य पीसी रे के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर कुलपति ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला



और कहा कि आचार्य पीसी रे भारतीय रसायन शास्त्र के जनक थे वह एक प्राध्यापक, साहित्यकार, उद्योगपति भी थे। उनकी सबसे बड़ी खोज नाइट्रस आक्साइड की थी। आज हम उनके जन्म दिवस पर याद करके नेशनल केमिस्ट्री डे मना रहे हैं उनके योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा।

पीजी केमिस्ट्री विभाग के हेड डॉक्टर एके डेल्टा ने आचार्य पीसी रे के देश में केमिस्ट्री में योगदान और उनकी जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डॉ. जीडी मिश्र ने कहा कि आचार्य पीसी रे जैसे महान लोगों को याद करने का उद्देश्य हम इस लिये ही करते हैं कि इन विलक्षण लोगों के कार्यो को जानें, उनसे सीखें उनके योगदान से प्रेरणा लें। डॉ. मिश्र ने कहा कि आचार्य पीसी रे का आविर्भाव उस काल में हुआ जब देश में मुगल काल खत्म हो चुका था और अंग्रेजों का प्रभाव था इस संधिकाल में डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रे का आना और रसायन विज्ञान में इतना बड़ा योगदान देना विलक्षण घटना थी। डॉ. रे ने स्वाभिमान और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर आज हमें शोध और अध्यापन का कार्य करना चाहिये। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के वरीय पदाधिकारी, सभी विभागों के हेड, डीन, प्राध्यापक और सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।